दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 43 | सीकर, शुक्रवार 10 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# सूखती काटली ने बढ़ाई चिंता, सिंधु जल लाने की मांग तेज

## लुप्त होती काटली नदी, नई पीढ़ी के लिए बन रही कहानी

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाने वाली काटली नदी आज अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। जयपुर व बीकानेर संभाग के अंतर्गत आने वाले सीकर, झुंझुनू और चूरू जिलों में बहने वाली यह नदी अब धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। वर्तमान पीढ़ी इस नदी को देखने के बजाय केवल इसकी कहानियां ही सुन रही है। नदी के सूखने के पीछे कई गंभीर कारण सामने आए हैं। इनमें वैध व अवैध खनन, अतिक्रमण, जल स्रोतों के प्राकृतिक मार्गों में बदलाव, उद्गम स्थल व सहायक नालों पर कब्जा, एनीकट व बांधों का निर्माण, अत्यधिक जल दोहन, वन क्षेत्र में कमी और जैव विविधता का खत्म होना प्रमुख हैं।

### काटली नदी बचाओ जन अभियान शुरू

इस समस्या को देखते हुए झुंझुनू की सरस्वती रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट सोसायटी ने काटली नदी बचाओ जन अभियान शुरू किया है। अभियान संयोजक सुभाष कश्यप ने बताया कि जन जागरूकता के साथ-साथ नदी के पुनर्जीवन के लिए विस्तृत योजना तैयार कर मुख्यमंत्री सहित विभिन्न विभागों को ज्ञापन सौंपे गए हैं।

### एनजीटी के निर्देश के बाद सरकार सक्रिय

मामले को राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया गया है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण में अमित कुमार और कैलाश मीणा द्वारा याचिका दायर की गई, जिस पर न्यायाधिकरण ने नदी के संरक्षण व संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने ड्रोन सर्वे करवाकर नदी की वर्तमान स्थिति का आकलन किया है और पुनर्जीवन योजना पर काम शुरू किया है। नदी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी जारी है।

### पारंपरिक जल स्रोत खत्म, चुनौती बड़ी

इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि केवल अतिक्रमण हटाने से नदी को पुनर्जीवित करना कठिन है क्योंकि इसके पारंपरिक जल स्रोत लगभग समाप्त हो चुके हैं।



ऐसे में नदी में बने छोटे-बड़े बांध व एनीकट हटाने या उनमें बाहरी जल स्रोत से पानी लाने की जरूरत बताई जा रही है।

### सिंधु जल लाने की योजना पर जोर

अभियान के तहत सिंधु जल को काटली नदी में लाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। इसके लिए जोधपुरा, सुनारी, हीरवाना, मैनपूरा और बगड़ क्षेत्र में कच्चे बांध बनाकर पानी संचय की योजना प्रस्तावित की गई है। यदि यह योजना लागू होती है, तो क्षेत्र की 80 लाख से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिल सकता है।

### पर्यावरण और रोजगार पर पड़ेगा असर

इससे जल स्तर सुधरेगा, जैव विविधता वापस लौटेगी, पर्यावरण संतुलन बेहतर होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। साथ ही क्षेत्र से पलायन कर रहे लोगों को अपने ही क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।

### सिंधु जल के लिए पीएम से मिलेंगे

अभियान संयोजक सुभाष कश्यप ने बताया कि उनकी टीम जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर सिंधु जल को काटली नदी में लाने के लिए मांग पत्र सौंपेगी और नदी के पुनर्जीवन की विस्तृत योजना प्रस्तुत करेगी।

### समय रहते कदम उठाने जरूरी

अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो काटली नदी पूरी तरह इतिहास बन जाएगी। वहीं सही प्रयासों से यह नदी एक बार फिर शेखावाटी की जीवन रेखा बन सकती है।

## पुलिस पर आरोप
## कोतवाली थानाधिकारी सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज

निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना नीमकाथाना के थानाधिकारी सहित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाजी नगर निवासी बिमला देवी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत परिवाद पर सुनवाई के बाद दिनांक 04 अप्रैल 2026 को थाना नीमकाथाना में एफआईआर संख्या 0110 दर्ज की गई। मामले में थानाधिकारी विजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल मनोज, आशीष, रामसिंह खोखर सहित अन्य पुलिसकर्मियों के नामजद किया गया है। पुलिस के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 198, 199, 201, 255, 256, 74, 79, 115 (2), 352, 316(2), 331(6) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि 10 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे आरोपी पुलिसकर्मी बिना वारंट, शराब के नशे में एवं बिना महिला पुलिस के परिवादिया के घर में दीवार फांदकर घुस गए और परिवार के साथ मारपीट, गाली-गलौच तथा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। परिवाद के अनुसार पुलिसकर्मियों द्वारा पुत्रवधुओं के साथ छेड़छाड़ करने एवं परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके अलावा परिवाद में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिवादिया के पुत्र को जबरन थाने ले जाकर मारपीट की गई तथा पहले से जब्त मोबाइल फोन को वापस नहीं लौटाया गया। घटना के कुछ वीडियो भी बनाए जाने का दावा किया गया है, जिन्हें साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय के आदेश के बाद मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान कर रहे हैं। प्रकरण को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। यह मामला पुलिस दुरुपयोग और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाता है।

## सात लाख की ठगी और लूट के दो आरोपी गिरफ्तार



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पुलिस ने गुजरात के व्यापारियों के साथ हुई करीब 7 लाख रुपये की ठगी और लूट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पिलानी रोड पर बैंक के पास पुलिस और बदमाशों के बीच फिल्मी स्टाइल में हुई इस पकड़म-पकड़ाई से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूरत निवासी मेहुल भाई को झुंझुनूं के रजनीश डारा ने 60 ग्राम सोना गिरवी होने का झांसा देकर चिड़ावा बुलाया था। मेहुल ने आरोपी के खाते में 6,78,000 रुपये आरटीजीएस कर दिए, जिसके बाद रजनीश उन्हें किशोरपुरा के पास एक खंडहर में ले गया। वहां पहले से मौजूद हथियारबंद बदमाशों ने मेहुल को बंधक बनाकर मोबाइल से 37,000 रुपये और ट्रांसफर करवाए और फिर उन्हें टोल प्लाजा के पास फेंककर फरार हो गए। गिरफ्तारी का घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब पीड़ित पुलिस के साथ ट्रांजैक्शन रुकवाने बैंक पहुंचा। वहां आरोपी रजनीश अपने साथियों के साथ फिर दिख गया। पुलिस को देखते ही आरोपी भागकर पिलानी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में छिप गए लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। फिलहाल दो आरोपी हिरासत में हैं। पीड़ित के अनुसार इस गिरोह में 10-15 लोग शामिल हो सकते हैं जो ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए ठगी करते हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

## सरकारी कार्यालयों में 96 अधिकारी, कर्मचारी, संविदाकार्मिक मिले अनुपस्थित

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एडीएम संतोष मीणा के निर्देशों पर तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक द्वारा गठित अलग-अलग टीमों ने सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर उपस्थिति जांची, तो कुल 96 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। वहीं डीटीओ कार्यालय में डीटीओ बजरंगलाल सहित अनेक कर्मचारी, नगरपरिषद कार्यालय में सहायक अभियंता चारवी, सफाई निरीक्षक मुनालाल मीणा, ओमप्रकाश स्वामी सहित अनेक कर्मचारी, विद्युत निगम में सहायक अभियंता मुकेश देवड़ा सहित अनेक कार्मिक नदारद मिले हैं। अचानक हुए इस निरीक्षण से सरकारी कार्यालयों में हड़कम्प सा मच गया। एडीएम संतोष मीणा ने बताया कि सभी अनुपस्थिति कार्मिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। वहीं नगरपरिषद, विद्युत निगम, सरकारी अस्पताल, जलदाय विभाग आदि से सम्बंधित कार्यालयों का निरीक्षण करने पर यह बड़ा गड़बड़झाला सामने आया। एडीएम ने खुद तहसील कार्यालय, उपखंड कार्यालय आदि ऑफिसेज का निरीक्षण किया। राजकीय उप जिला चिकित्सालय में जगदीश प्रसाद, कमलेश शर्मा, अनिल कुमार, हरिकृष्ण बिस्सु, विश्वजीत, सतीश कुमार, चन्द्रप्रकाश, भावना, संविदा कार्मिक गजानंद, कमलेश मंडावरिया, मनोज स्वामी, हीरालाल आदि अनुपस्थित पाए गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग में कमल भाटी, हरीगोपाल, जयश्री पारीक, अरविंद, भवानीसिंह, पीएचईडी के एक्सईन कार्यालय में सुनीता, राजपाल, मनीष शर्मा, कैलाशचंद, विनोद, नरेंद्र, परवीन आदि अनुपस्थित मिले। उप पंजीयक कार्यालय में रूपचंद स्वामी, उपखंड अधिकारी कार्यालय में निर्मल सिंह, बाल विकास में सुनील, अशोक, सरोज, सीबीईईओ में सीबीईओ सुनीता पूनिया, एसीबीईईओ मंजू पंवार, रतनलाल, सुनील, मधु, आशीष, लक्ष्मी, बुधाराम, राजीविका में संदीप, राजेश, पवन, अयूब, सांख्यिकी में श्योपालसिंह अनुपस्थित मिले।

## स्वर्णकार समाज सेवा समिति के चुनाव 12 को

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्वर्णकार समाज सेवा समिति, झुंझुनू के चुनाव 12 अप्रैल को दोपहर 2 बजे नेपालियों के मंदिर प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। समिति सचिव विश्वनाथ सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव अधिकारी दिनेश नारनोली के मार्गदर्शन में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद का चयन किया जाएगा। इन पदों का चुनाव समिति के सदस्य करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो मतदान की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उसी समय निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद नए अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। समिति की ओर से समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

## जयपुर एयरपोर्ट के पांच किमी के दायरे में लेजर लाइट पर लगा प्रतिबंध

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास अब शादी-समारोहों या अन्य कार्यक्रमों में लेजर लाइट और तेज चमक वाले प्रकाश ऑब्जेक्ट्स का इस्तेमाल करना भारी पड़ सकता है। विमानों के सुरक्षित संचालन में पैदा हो रहे व्यवधान को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जयपुर हवाई अड्डे की बाउंड्री से पांच किलोमीटर की परिधि में ऐसी लाइटों के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित लगाया गया है।

## गाली-गोली और पुलिस से नहीं दबेगी कांग्रेस की आवाज : खाचरियावास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रताप सिंह खाचरियावास ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गाली-गोली और पुलिस के बल पर कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। खाचरियावास ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र सभी को अपनी बात रखने का अधिकार देता है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी इस अधिकार को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी सच की आवाज को किसी भी तरह से दबाया नहीं जा सकता और पार्टी का हर कार्यकर्ता उनके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी लाठी.गोली की राजनीति कर रही है, जिसका जवाब कांग्रेस देना जानती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीकों से ही इस तरह के अत्याचारों का मुकाबला करेगी। खाचरियावास ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि वे सच और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखें।



## जल जीवन मिशन घोटाला : एसीबी ने पूर्व आईएएस अग्रवाल को किया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। उन्हें दिल्ली से हिरासत में लेकर जयपुर लाया गया। पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के खिलाफ जेजेएम घोटाले में गिरफ्तारी वारंट जारी था। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में कार्रवाई करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। वहीं साल 2024 में शुरू हुई जांच में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 3 आरोपी फरार है। गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी में मामला दर्ज होने के बाद सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं कर करीब 960 करोड़ रुपए के कार्य प्राप्त किए गए। मामले में विभिन्न फर्मों और उच्च स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से व्यापक भ्रष्टाचार किया जाना सामने आया है ।जांच में यह भी सामने आया कि बड़े प्रोजेक्ट्स 50 करोड़ रुपए से अधिक की निविदाओं में नियमों के विपरीत शर्तें जोड़कर टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित किया गया, जिसमें 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक प्रीमियम पर टेंडर स्वीकृत किए गए। इन टेंडरों की कुल राशि करीब 20 हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। एसीबी ने बताया कि इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए गए हैं और उन्हें घोषित अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है। गौरतलब है कि एसीबी ने जेजेएम घोटाले को लेकर 17 फरवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। इस दौरान जयपुर, बाड़मेर, जालोर, सीकर, बिहार, झारखंड और दिल्ली सहित कुल 15 जगहों पर छापेमारी की गई थी। जांच में फर्जी बिल, वित्तीय गड़बड़ियों और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता सामने आई थी। 17 फरवरी को ही सुबोध अग्रवाल के घर पर भी छापेमारी की गई थी। इसी दिन जलदाय विभाग के 9 अफसरों को पकड़ा गया था। 18 फरवरी को सुबोध



अग्रवाल के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हुआ था। प्रकरण में विस्तृत जांच जारी है और तकनीकी व दस्तावेजी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इस घोटाले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है तथा आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

## शौर्य दिवस एवं प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर पीले चावल बाटे

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** चूरू की धरती पर आधुनिक भारत के महानतम सैन्य नायक लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की चूरू में 22 अप्रैल को प्रतिमा का अनावरण होने जा रहा है। 1961 में गोवा की मुक्ति हो, 1967 में नाथू ला में चीन को धूल चटाना हो या 1971 में विश्व का भूगोल बदलकर बांग्लादेश का उदय करना जनरल सगत सिंह का शौर्य बेमिसाल है। इस कार्यक्रम को लेकर भागीरथ सिंह राठौड़ ने विस्तृत रूप से जानकारी दी की सगत सिंह किसी परिचय के मोहताज नहीं है और तीन युद्ध और तीन विजय का खिताब इन्ही के नाम है। पवन सिंह राठौड़ ने कहा सगत सिंह ने कुसुमदेसर सिर्फ जन्म लिया लेकिन उनके द्वारा किया गया कार्य आज आधुनिक भारत में सहायक है, उन्होनें विश्व के मानचित्र पर एक नए देश बांग्लादेश का उदय हुआ। इस कार्यक्रम को लेकर पायली, भरपालसर, आबडसर, छाजुसर, बंडवा, बिनादेसर, लाछडसर, परसनेऊ, आलसरए आलसरबास, ढढेरु, जेगनिया दस्सुसर आदि गांवो में पीले चावल देकर निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर करणी सिंह पूर्व सरपंच, दातार सिंह, पूर्व प्रवक्ता गिरधारी सिंह जेगनिया, रितेश कुमार पूर्व सरपंच, छोटू सिंह राजपुरोहित मंडल अध्यक्ष, गजेंद्र सिंह, गिरवर सिंह, भगवान दास, करणी सिंह राजियासर, महेंद्र सिंह पर्वत सिंह आदि साथ रहे ।



## कोबरी-सार



## शिव मंदिर का मनाया चतुर्थ पाटोत्सव



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में स्थित नवीन शिव मंदिर का गुरूवार को चतुर्थ पाटोत्सव का आयोजन विधि विधान से किया गया। चतुर्थ पाटोत्सव का आयोजन मोदी परिवार द्वारा किया गया। दीपक मोदी, अंजू देवी, अनिल मोदी, सरीता मोदी एवं सावित्री देवी की मुख्य यजमानी में पंडित नुतन शर्मा एवं पंडित संदीप कुमार ने विधिवत रूप से पूजा अर्चन करवा कर शिव का रूद्राभिषेक करवाया। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर मंत्री विमल शर्मा, शैलेश मोदी, वीणा, सतीश, पिंकी, भावेश, तनिष्क, घनश्याम सैन, आलोक जैदिया, रमेश पांडे, विकास शर्मा, रेखा माली, गौत्तम, बनवारी यादव, श्रवण, बृजलाल टेलर सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## पायल की पुण्यतिथि पर बैग वितरित

निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के मानोता जाटान के राजकीय उच्च मा विद्यालय में स्व. चन्दगीराम पायल की 8 वी पुण्यतिथि पर स्कूल के बच्चों को 105 बैग उनके भाई देवकरण पायल और तीन बेटों विक्रम सिंह, ईश्वर सिंह व प्रदीप पायल ने वितरण समारोह का आयोजन किया गया। गाँव के प्रबुद्ध और गणमान्य लोगों को समारोह में आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती माँ की प्रार्थना कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की एवं उसके बाद दिवंगत आत्मा के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। विद्यालय परिवार की ओर से पूर्व शा. शि. देवकरण सिंह को साफा और माला पहनाकर समान किया गया। समारोह की अध्यता प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र चेजारा ने की। इस पुण्यतिथि पर विद्यालय के कुल 105 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किये गये। परिवार और बेटो के द्वारा हर वर्ष 9 अप्रैल को पुण्यतिथि पर विद्यालय के विद्यार्थियो हेतु प्रोत्साहित स्वरूप वितरण किये जाते है। प्रचानाचार्य चेजारा ने बताया कि इनके द्वारा बहुत ही नेक कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थियों को बैग मिलने पर उन सभी में एक खुशी की लहर छा गयी साथ ही सभी विद्यार्थियों को एक ही प्रकार के बैग होने से एकरूपता की भावना पैदा होगी और आगे भी इसी प्रकार से यह परिवार विद्यालय परिवार हेतु इसी प्रकार से सहयोग करता रहेगा। सभी बच्चों और स्टाफ को मिठाई और नाश्ते की व्यवस्था की गयी। इस अवसर समस्त विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण मौजुद रहे।

## बजाड़ का किया सम्मान



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मंत्रालयिक कर्मचारी जिला समन्वय समिति झुंझुनू के चुनावों में अध्यक्ष पद पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेश बजाड़ को विजय प्राप्त करने पर समाज के लोगों द्वारा अंबेडकर पार्क में सम्मान किया। समाज के लोगों ने राजेश बजाड़ को माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट की। राजेश बजाड़ ने सबसे पहले बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राजेश बजाड़ ने बताया कि आज मैं बाबा द्वारा दिए गए वोट के अधिकार से आज मैं अध्यक्ष बना हूं। सर्वसमाज के कर्मचारियों ने मुझे मत एवं समर्थन देकर विजयी बनाया है। मैं कर्मचारियों एवं समाज हितार्थ हमेशा कार्य करता रहूंगा। इस दौरान गौरव सेनानी ओमप्रकाश भूरिया, महेश कुमार दौलतपुरा, संजीव कुमार बारूपाल, डीके महरिया, राजेश हरिपुरा, महेश जसरापुर, संदीप पाटिल, लोकेश सेवदा, अजय काला, सीताराम बास बुडाना, अजय नूआ, मदनलाल गुडेसर, संदीप टंडन, अजय वर्मा, मानसिंह बृजलालपुरा, सुनील सोती, जितेंद्र कुमार गर्वा उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** सेठ श्री सागरमल बागड़ोदिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता एवं सामाजिक सुरक्षा को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ताराचंद यादव ने विद्यालय के विद्यार्थियों को नवीन कानूनों, साइबर अपराधों, बालकों एवं महिलाओं से संबंधित नए कानूनी प्रावधानों तथा सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी। एसएचओ ताराचंद यादव मय टीम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सतर्कता और सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, अनजान लिंक व कॉल से सावधान रहने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा नही करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बाल संरक्षण कानूनों एवं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े नवीन प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

थाना प्रभारी ने बच्चों को बताया कि कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि समाज को सुरक्षित बनाना है, इसलिए कानून की जानकारी हर नागरिक के लिए आवश्यक है। सड़क सुरक्षा पर बोलते हुए उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक नियमों के पालन और नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में कानून के प्रति समझ और जिम्मेदारी का भाव विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा तथा करीब 300 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया, जिससे माहौल संवादात्मक और शिक्षाप्रद बना रहा।

# वर्धमान स्कूल में मनाया विश्व नवकार महामंत्र दिवस

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल में विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्था के सचिव संजय संगही ने बताया कि नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम विश्व के कुल 108 देशों में लगभग 6000 केन्द्रों पर एकसाथ सुबह 9 बजे से मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सीकर जिले के एडिशनल एसपी तेजपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तेजपाल ने नवकार महामंत्र को विश्वशान्ति एवं अहिंसा का माध्यम मानते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया ने बताया कि यह कार्यक्रम जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संघटन (जीतो) द्वारा आयोजित एवं जैन संगठनों द्वारा समर्थित कार्यक्रम है जिसका मूल उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सौहार्द की स्थापना करना है। संस्था प्रधान डॉ मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में संस्था के लगभग 1000 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विश्वशांति की कामना के साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन एजुकेशन ट्रस्ट के संयोजक अनुभव सेठी एवं सदस्य मनोज बज व देवेन्द्र छाबड़ा, श्री दिगम्बर जैन विद्यालय सोसाइटी के कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्य मनोज जैन, प्रियंक गंगवाल, अमित पिराका, जीतो सीकर की संयोजिका नीतू पाटोदी, रचना विनायक्या एवं प्रबोध पहाड़िया, जैन बड़ा मंदिर से अध्यक्ष महेश बाकलीवाल व मंत्री अजीत जयपुरिया, दीवानजी की गोठ से शशि दीवान, नया मंदिर से अध्यक्ष गोपाल काला व मंत्री पवन छाबड़ा, श्री महावीर चेरिटी ट्रस्ट से अध्यक्ष विमल झांझरी व मंत्री किशोर संगही तथा जैन समाज सीकर के गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यालय के ट्रस्ट मंडल एवं प्रबंध समिति ने तेजपाल सिंह को माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# विधायक डूडी ने मुआवजा देने के लिए उठाई मांग

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** बीकानेर जिले के नोखा विधानसभा क्षेत्र सहित राजस्थान के कई जिलों में हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश ने किसानों की रबी 2025-26 की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी फसल जहां पूरी तरह नष्ट हो गई है, वहीं कई स्थानों पर कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसल भी खराब हो गई। कुछ क्षेत्रों में तो किसानों की पूरी की पूरी फसल चौपट हो जाने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस प्राकृतिक आपदा के बाद प्रभावित किसान अपनी फसल के नुकसान की सूचना देने के लिए बीमा कंपनियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन किसानों का आरोप है कि संबंधित फसल बीमा कंपनियां उनकी शिकायतों पर गंभीरता नहीं दिखा रही हैं और टालमटोल का रवैया अपना रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए नोखा विधायक सुशीला डूडी ने राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव को पत्र लिखकर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल 7डी रिपोर्ट तैयार करवाने की मांग की है, ताकि फसल नुकसान का सही आकलन किया जा सके। पत्र में यह भी आग्रह किया गया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही, प्रदेश में कार्यरत फ्सल बीमा कंपनियों को भी निर्देश जारी किए जाएं कि वे बीमित किसानों के नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द बीमा क्लेम का भुगतान करें।

## मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से जिले के किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष नरेन्द्र धायल ने बताया कि लगातार बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण किसानों की पकी हुई फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसान आर्थिक संकट में आ गया है। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही कर्ज और बढ़ती लागत से परेशान था और अब इस प्राकृतिक आपदा ने उसकी स्थिति को और भी खराब कर दिया है। ऐसे में सरकार को तुरंत प्रभाव से किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए। चाचा पूर्ण मल सूंडा ने भी जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि तैयार फसल के नष्ट होने से किसानों की चिंता कई गुना बढ़ गई है और उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए तथा केसीसी ऋण माफ किया जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेन्द्र धायल, चाचा पूर्ण मल सूंडा, विजेंद्र काजला, हरजिंदर, अजीत, मोनू, संदीप, विवेक सहित अन्य किसान मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन किसानों के साथ मिलकर बड़ा जन आंदोलन करेगा।

# साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल में साइबर सुरक्षा एवं नि:शुल्क विधिक सहायता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्था सचिव संजय संगही ने बताया कि इस अवसर पर शालिनी गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर ने विद्यालय के कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। डिजिटल युग में अपने आप को सुरक्षित रखने से सम्बंधित अनेक बाते बच्चो के साथ साझा की। इस कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन एजुकेशन ट्रस्ट के संयोजक अनुभव सेठी एवं सदस्य मनोज बज व देवेन्द्र छाबड़ा, श्री दिगम्बर जैन विद्यालय सोसाइटी के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्य मनोज जैन, प्रियंक गंगवाल, अमित पिराका, संस्था प्रधान डॉ मीनाक्षी भार्गव एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के ट्रस्ट मंडल एवं प्रबंध समिति ने शालिनी गोयल को माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## माय भारत बजट क्वेस्ट कार्यक्रम 13 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित डीओआईटी वीसी सभागार में 13 अप्रैल, 2026 को सायं 03 बजे माय भारत बजट क्वेस्ट का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहेगा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं से संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

## नए ट्यूबवैल का निर्माण शुरू



विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे कस्बे के खेतड़ी रोड स्थित पावर हाउस क्षेत्र के लोगों को गर्मी की शुरुआत से पहले बड़ी राहत मिली है। खेतड़ी रोड स्थित पावर हाउस के सामने गुरूवार को नए ट्यूबवैल के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है।

सांसद बृजेंद्र ओला द्वारा इस कार्य के लिए 8.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। युवा नेता बृजेश पूनियां के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली है। नगरपालिका के पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया ने बताया कि क्षेत्र का पुराना ट्यूबवेल लंबे समय से खराब पड़ा हुआ था। बार-बार मरम्मत के बावजूद पानी की किल्लत बनी हुई थी। जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नए ट्यूबवेल के निर्माण शुरू होने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना पंडित नागेंद्र शर्मा निकुंज ने करवाई। इस मौके पर राजेश वर्मा, लालचंद, गंगाधर सैनी, गोपाल सैनी, सागर जांगिड़, नथूराम, गोपाल जांगिड़, रामसिंह, यशुसिंह, धर्मा, निर्मला, सुनिता, किरण, श्वेता, मोना, रेणू, संतोष, सुमन, चंद्रकला और लक्ष्मी सहित क्षेत्र के कई स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। नए ट्यूबवेल के शुरू होने से पावर हाउस एरिया के लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी।

# आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन की पहल : मेरिट होल्डर छात्रा को हेलिकॉप्टर से खाटूश्यामजी के दर्शन

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को सम्मानित करने की दिशा में आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन एक विशेष पहल करने जा रहा है। महान समाजसेविका ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को साइंस मैरिट में राज्य स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली आदर्श गौरव छात्रा अंकिता चौधरी को हेलिकॉप्टर से खाटूश्यामजी मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। इस आयोजन को लेकर गुरूवार को आदर्श कैंपस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। संस्थान के निदेशक लाटा ने बताया कि हेलीपेड के निरीक्षण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। इस खास अवसर को यादगार बनाने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श परिवार पर बाबा श्याम की सदैव विशेष कृपा रही है, ऐसे में यह संस्थान के लिए भावुक और गर्व का क्षण है कि उनकी प्रतिभाशाली छात्रा अंकिता चौधरी अपने परिजनों के साथ बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर अपनी इस उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त करेगी। कार्यक्रम के तहत गर्ल्स विंग से मुख्य मार्ग होते हुए एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा, जो हेलीपेड तक पहुंचेगा। लाटा ने शहर के प्रबुद्धजनों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पल के साक्षी बनने का आह्वान किया है। यह आयोजन न केवल एक छात्रा के सम्मान का प्रतीक है बल्कि समाज में बालिका शिक्षा के महत्व को भी मजबूत संदेश देता है।

## राष्ट्रीय प्राकृत विद्वत् कार्यशाला का शुभारम्भ



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती संस्थान में प्राकृत एवं संस्कृत विभाग के तत्वावधान में प्राकृत रचना-धर्मिता के मानक मापदण्ड तथा शोध की भावी योजनाएं विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय प्राकृत विद्वत् कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में हुआ। आचार्यश्री महाश्रमण ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्राकृत भाषा के साथ संस्कृत व हिन्दी एक परिवार के रूप में है। भारत सरकार ने प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्रदान की है। इस भाषा के उत्थान व विकास के लिए प्रयास करना चाहिए। आगे कहा कि जैन विश्वभारती संस्थान प्राकृत भाषा के विकास को समर्पित केन्द्र बन सकता है। कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने कहा कि यह संस्थान प्राकृत भाषा का प्रमुख केन्द्र बने। जरूरत है कि देश भर के प्राकृत संस्थान व विद्वज्जन समन्वित होकर कार्य करें तो हम और अधिक सक्षमता से कार्य कर सकेगें। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विद्वान् प्रो. प्रेम सुमन जैन ने कहा कि प्राकृत भाषा के उत्थान एवं विकास की दृष्टि से कुछ संस्थाएं विद्वान तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृत भाषा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था भारतीय प्राकृत स्कॉलर सोसायटी का केन्द्र भी यहां होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मचन्द्र जैन ने प्राकृत भाषा की प्रासंगिकता, उसकी सांस्कृतिक धरोहर और शोध की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि एलडी इंस्टिट्यूट ऑफ इंडोलॉजी अहमदाबाद के पूर्व निदेशक प्रो. जितेन्द्र बी. शाह ने भी अपने विचार रखे।

# भंवरी व बानो के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना बनी बुढापे का सहारा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को सुलभ चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के क्रम में राज्य सरकार की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रही है। चूरू जिले की वृद्धा भंवरी और बानो के लिए यह योजना बुढ़ापे का सहारा बनकर सामने आई है। योजना अंतर्गत नि:शुल्क उपचार व स्वास्थ्य लाभ होने पर दोनों लाभार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें नई जिंदगी दी है।

### अब अपने पैरों पर चल सकेंगी भंवरी

चूरू शहर के वार्ड 27 निवासी 70 वर्षीय भंवरी देवी बताती हैं कि वह घुटनों के दर्द से परेशान थी और उम्र अधिक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें घुटनों के ऑपरेशन की सलाह दी। घुटनों का ऑपरेशन व इलाज महंगा होने के कारण भंवरी के परिवारजन पीछे हट गए। इसी दौरान चिकित्सालय में स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की जानकारी दी। भंवरी बताती हैं कि फिर योजना अंतर्गत पंजीकरण के उपरांत उनके परिजनों ने योजना अंतर्गत चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती करवाया। जयपुर के निम्स अस्पताल में उनके घुटनों का निरूशुल्क ऑपरेशन हुआ और अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। अब वह अपने पैरों पर आसानी से चलकृ फिर सकती हैं। वह कहती हैं कि परिवार के लोगों के साथ उनके चेहरे की खुशी राज्य सरकार की मां योजना के कारण बरकरार रह सकी है।

### बानो को घुटनों के दर्द से मिला छुटकारा

इसी कड़ी में चूरू शहर की ही निवासी 74 वर्षीय बानो कई दिनों से घुटनों के दर्द से पीड़ित थीं। बुढ़ापा होने के कारण परिवार के लोग उपचार करवाने भी नहीं जा रहे थे, वहीं उपचार व महंगे ऑपरेशन का खर्च भी उनकी परेशानी बढ़ा रहा था।

बानो बताती हैं कि उनके पास मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का पंजीकरण होने के कारण उनके परिवार के लोगों ने अस्पताल से सम्पर्क किया तो निजी चिकित्सालय ने आयुष्मान कार्ड के साथ राज्य सरकार की मां योजना में नि:शुल्क उपचार व ऑपरेशन की जानकारी दी तो परिजनों के लिये मां योजना आशा की एक नई उम्मीद नजर आई। वह बताती हैं कि उनके घुटनों का ऑपरेशन पूरी तरह नि:शुल्क हुआ और अब वह अपने पैरों पर चल फिर रही है।

योजना अंतर्गत नि:शुल्क उपचार होने और आर्थिक सुरक्षा के लिए बानो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश सरकार का आभार जताती हैं।

# दो दिवसीय अंजुमन मिलन समारोह का आयोजन कल से

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय अंजुमन क्रिकेट क्लब, लाडनूं के तत्वावधान में शहर के रोडा भवन में 11 अप्रैल रविवार से दो दिवसीय अंजुमन मिलन समारोह-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर शहर के क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम संरक्षक मो. उमर बड़गुजर एवं टीम कप्तान अब्दुल हमीद मुगल ने बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य अंजुमन क्रिकेट क्लब से जुड़े खिलाड़ियों और सदस्यों के योगदान को सम्मानित करना तथा आपसी भाईचारे और खेल भावना को मजबूत करना है। समारोह के दौरान क्लब के उन सभी सदस्यों को, जिन्होंने वर्षों तक क्रिकेट क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके समर्पण, खेल के प्रति जुनून के लिए प्रदान किया जाएगा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों, सम्मान समारोह और आपसी संवाद के विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही यह आयोजन पुराने और नए खिलाड़ियों के बीच अनुभव साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच भी बनेगा। इस अवसर पर अशोक बैद, विमल कठोतिया, पारस नाहटा, राजू जांगिड़, विजय बैद, भाटी सहित देश भर से अंजुमन क्लब से जुड़े खिलाड़ी और खेल प्रेमी भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## एडीएम ने ली आरएमआरएस की बैठक



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल स्थित पीएमओ कार्यालय में एडीएम संतोष मीणा की अध्यक्षता में राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी, सुजानगढ़ की बैठक का आयोजन किया गया। पीएमओ सुजानगढ़ द्वारा अस्पताल में वित्तीय वर्ष 26-27 में मरीजों के हित के लिए होने वाले खर्चो का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। साथ ही अस्पताल में मरीजों को स्वास्थ्य सेवा में विस्तार करने में होने वाले खर्च की स्वीकृति हेतु 14 एजेंडा बिन्दु मीटिंग में रखे। जिसमें विधायक मनोज कुमार मेघवाल, निवर्तमान उपसभापति अमित मारोठिया, सदस्य मनोज पारीक, राजेंद्र गिडिया, नर्सिंग अधीक्षक अन्नाराम गोदारा, स्टोर कीपर प्रकाश पारी, प्रभारी अनिल कुमार मेघवाल, जगदीश प्रसाद, सहायक प्रोग्रामर हरिकिशन, विश्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर किया सम्मान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** खरतवासिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा 5, 8 10, 12 गुणात्मक एवं संख्यात्मक रूप से उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12 में शीतल कुमारी 96 प्रतिशत अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बालक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए कक्षा 10 में हरीश कुमार ने 87 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बालक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में स्थानीय और बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे हैं। बोर्ड टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों, अभिभावकों और बालकों ने डीजे के साथ नाचते गाते हुए पंचायत क्षेत्र के बीघराण, ढाणी खिचड़ान, गोगटिया बागावतान, खरतवासिया गांवों में रैली निकाल कर जश्न मनाया। प्रधानाचार्य देवकरण सिंह ने सभी बालकों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाइयां शुभकामनाएं दी और आगामी सत्र में और अधिक श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## आश्रित को बीमा क्लेम की राशि प्रदान की




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान ग्रामीण बैंक लाडनूं में मृतक आश्रित को बीमा क्लेम की दो लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि मोटी देवी निवासी चक गौरेडी, लाडनूं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सालाना 436 रुपए का प्रीमियम जमा करवाया जा रहा था। मोटी देवी की मृत्यु के पश्चात राजस्थान ग्रामीण बैंक लाडनूं के शाखा प्रबंधक कुलदीप सिंह एवं समस्त स्टाफ द्वारा आश्रित को दो लाख रुपए की क्लेम राशि सुपुर्द की गई। इस अवसर पर बैंक अधिकारी पंकज कुमार सैनी, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक नागौर हनुमान प्रसाद विजय द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित किया।

## 11 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के दौरान 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि 11 अप्रैल को जिला स्तर पर ज्योतिबा फुले की मूर्ति प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। वही 12 अप्रैल को संविधान को जाने ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जो जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगी। 13 अप्रैल को स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता के कार्यक्रम जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगा।

# अटल जन सेवा शिविर आयोजित

निसं




चूरू (नवयत्न)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को चूरू पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम सुनील कुमार ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर परिवादियों की जन समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने, संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ प्रकरण, रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अटल जन सेवा शिविर में राजस्व, नगरपालिका, विद्युत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित कुल 14 परिवेदनाएं प्राप्त हुई, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव, पीएचईडी से प्रेम कुमार, विद्युत विभाग से वीएल सैनी, रतननगर नगरपालिका ईओ संजू, निजी सहायक सुरेश कुमार, रघुवीर सिंह, हिमांशु महला, विजयपाल, प्रोग्रामर इंद्राज सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कचरा संग्रहण टीपर को दिखाई हरी झंडी



निसं

**डूंडलोद ( नवयत्न )।** यहां की नगर पालिका को कचरा संग्रहण वास्ते चार नए टीपर उपलब्ध कराए गए हैं। नगर पालिका स्टाफ एवं कस्बे के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में भाजपा नेता शंकर लाल शर्मा एवं डूंडलोद के पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी ने हरी झंडी दिखाकर टीपर रवाना किए। डूंडलोद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया की नए टीपर के बेहतर उपयोग के लिए उनमें जीपीएस लगाया जाएगा तथा नगर पालिका कार्यालय से ही उनकी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नए टीपर आने से कस्बे की कचरा संग्रहण समस्या का स्थाई समाधान हो पाएगा। इस अवसर पर मुकेश पारीक, सुभाष चंद्र भूत, महेश कुमार भूत, हुसैन खान, बसंत कनोडिया, महेश सिंह बडगूजर, सुरेश नूवा वाला, दौलत गढ़वाल, गंगाधर, मदनलाल स्वामी एवं सीताराम सैनी सहित कस्बे के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री की वर्चुअल मीटिंग में जेजेटी की मानसी का चयन

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय की एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा मानसी बारठ का भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित माई भारत बजट क्वेस्ट कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। संयुक्त जानकारी देते हुए प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता एवं रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि आगामी 13 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल मीटिंग में शामिल चयनित विद्यार्थियों से सीधी वार्ता करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया की गई जिसमें मेरा युवा भारत झुन्झनू की अधिकारी मधु यादव ने 50 बच्चों का साक्षात्कार लिया जिसमें मानसी बारठ का चयन किया गया गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए देश भर से 12 लाख विद्यार्थियों का साक्षात्कार हुआ जिसमें चयनित विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे।

## सड़कों का मरम्मतीकरण करवाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद आयुक्त को कॉमरेड जगदीश नाथ ने ज्ञापन सौंपकर आपणी योजना के अंतर्गत तोड़ी गई सड़कों को सही करवाये जाने की मांग की है। साथ ही किए गए पेच वर्क में राशि गबन व भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता को भी इस बारे में अवगत करवाया गया है, लेकिन फिर भी तोड़ी गई सड़को को ठीक नहीं किया गया है। अत: जल्द से जल्द सड़कों को सही करवाया जावे और इसमें कथित भ्रष्टाचार की भी जांच की जावे।

## ईद स्नेह मिलन आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की ओर से आज शहीद करनी राम रामदेव पार्क कोर्ट सर्किल झुंझुनू में दिव्यांग ईद स्नहे मिलन का प्रोग्राम किया जावेगा। जिसमें जिले के तमाम दिव्यांग भाई-बहन एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देंगे। इस मौके पर मो. उमर कुरैशी, हरिराम महण, मनवर दीवान, मास्टर खुर्शीद, पेंटर अब्दुल रहमान व विजय गोपाल मोडसरा दिव्यांगों के बीच उपस्थित रहेंगे। मासिक बैठक भी होगी जिसमें दिव्यांग योजना के फॉर्म व समस्याओं का निस्तारण किया जावेगा।

## भाजपा मंडल प्रशिक्षण शिविर का समापन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत निम्बी जोधा स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित दो दिवसीय निम्बी जोधा मंडल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व कौशल के विकास का एक महत्वपूर्ण अभियान रहा। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान नागौर देहात जिला उपाध्यक्ष प्रवीण पुरोहित, जगदीश पारीक, जिलामंत्री मनीष ओझा, रामसिंह बेगसर, खाटू मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, प्रवासी प्रभारी राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर पंवार, मंडल प्रशिक्षण प्रभारी अंजना शर्मा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूराम कालेरा, नवरत्न खीचड़, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगदीश सिंह रायधना, लादुसिंह धुडिला, निम्बी जोधा ग्राम पंचायत प्रशासक सुमन खीचड़, ओडींट सरपंच गणेश चबराल आदि मौजूद रहे।

# राधे श्याम संकीर्तन का होगा भव्य आयोजन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में शुक्रवार को गट्टाणी सत्संग भवन प्रांगण में होगा भव्य राधेश्याम संकीर्तन का आयोजन होने जा रहा है। संस्था के मनोहरलाल रांकावत ने बताया कि कार्यक्रम में भजन प्रवाहक के रूप में च व्रन्दावन के बृज रसिक श्री कुंजबिहारी दास महाराज व कोलकता से संजय मित्तल पधारेंगे व साथ ही स्थानीय कलाकार दिनेश हिंदुस्तानी, मुरली पारीक, श्याम पारीक सहित अन्य कलाकार अपने भजनों की प्रस्तुतिया देंगे। श्याम संघ संस्था व श्याम दीवाना संकीर्तन मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संस्था के जयकिशन बागड़ी ने बताया कि कार्यक्रम सांय 7 बजे से आरम्भ होगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। कार्यक्रम में राधे राणी व श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जा रहा है व कार्यक्रम में बाबा की अखण्ड ज्योत व पुष्प और इत्र वर्षा होगी व कार्यक्रम में महिलाओं के बैठने की व्यवस्था अलग से रखी गयी है। संस्था के गौरीशंकर तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर जयकिशन बागड़ी, मनोहरलाल रांकावत, कुलदीपसिंह चौधरी, निर्मल झंवर, पपुराम गहलोत, गोपाल छिम्पा, अशोक जोशी, मनोहरलाल झंवर, गौरीशंकर तिवाड़ी, सुंदर प्रजापत, राजू ओझा, कन्हैयालाल सारस्वत, अंकित तोषनीवाल, संजय भानु, रामनिवास सीगड़, प्रदीप सोनी, सत्यनारायण सोनी, मनीराम डेलू, श्याम पारीक, मोहनलाल जाट, मनीराम बिश्नोई, महावीर पारीक, राजेश रांकावत, पप्पूराम छिम्पा, भगवानाराम पंचारिया, दिनेश पारीक, सोमदत्त चितलांगिया सहित सभी पदाधिकारिगण व श्याम प्रेमी लगे हुवे है।

## बटन बंद होने के बाद भी बिजली उपकरणों में दौड़ रहा करंट

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड संख्या 31 में पिछले तीन महीनों से करीब सात-आठ घरों के लोग अजीबोगरीब बिजली समस्या से जूझ रहे हैं, जो खतरनाक साबित भी हो सकती है। वार्डवासियों का आरोप है कि घरों में लगे बिजली के उपकरणों के स्विच बंद होने के बावजूद भी उपकरणों में करंट दौड़ रहा है, जिससे हर समय बड़ा हादसा होने का डर बना हुआ है। स्थिति अब इतनी भयावह हो गई है कि सुबह हाथ-मुंह धोते समय भी करंट के झटके महसूस होते हैं। वार्ड की मधु शर्मा, जयप्रकाश सराफ व कमल पंसारी ने बताया कि यह समस्या पिछले तीन महीनों से लगातार बनी हुई है। करंट के डर से लोग बिजली के उपकरणों को छूने तक से कतरा रहे हैं। लोगों कहना है कि इस तकनीकी खराबी के बारे में कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है। बिजली विभाग की इस अनदेखी से मोहल्ले के लोगों में आक्रोश है। स्विच बंद करने के बाद भी उपकरणों का चालू रहना और पानी के नलों में करंट आना बड़ी दुर्घटना को कभी भी निमंत्रण दे सकता है। लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई जाए।

## वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** श्री गांधी बाल निकेतन का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को विधायक पूसाराम गोदारा के मुख्य आतिथ्य में पंडित श्री दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आयोजित होगा। प्रधानाचार्या उषा मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्रियाकलापों के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कुल 174 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा इनमें से 67 कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त विद्यार्थी, 56 अभिभावक प्रतियोगिता के विजेता, 3 विभिन्न पदों पर पदस्थापित निकेतन के पूर्व विद्यार्थी तथा खेल के क्षेत्र से जुड़ी 48 प्रतिभाएं शामिल हैं। प्रिंसिपल दीपिका शर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश की विविधवर्णी संस्कृति की जीवंत झांकियां देखने को मिलेगी जिसमें राजस्थानी, पंजाबी, बंगाली, कश्मीरी नृत्य व गायन आदि शामिल होंगे। इनके साथ ही समारोह में वर्तमान परिस्थतियों को दर्शाने वाले नाटक का मंचन भी किया जायेगा। संगीत प्रशिक्षक महेश कत्थक ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा ऑर्केस्ट्रा पर दी जाने वाली प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहेगी जिसमें जाइलोफोन का उपयोग किया जायेगा।

# बीकानेर रेंज आईजी रहे चूरू दौरे पराए

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश गुरुवार को चूरू दौरे पर रहे और जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन सभागार में क्राइम बैठक ली। बैठक में एसपी निश्चय प्रसाद एम सहित जिले के सभी सीओ और एसएचओ मौजूद रहे। आईजी ओमप्रकाश ने बैठक में अपराध नियंत्रण और पेंडिंग मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में सभी सीओ से उनके सर्किल की क्राइम गतिविधियों को जाना और पेंडिंग मामलों के आकड़ों को बैठक में समझाए। इस दौरान आईजी बीकानेर ने बैठक में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने की बात कही और अवैध हथियारों को जब्त करने, फरार और इनामी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर आईजी ओमप्रकाश ने कहा कि फाइनेंशियल एजुकेशन और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में जो सावधानी रखी जानी है उस पर लोगों को एजुकेट करना। आईजी ने कहा कि साइबर अपराध के मामलों में चैलेंज बहुत है, क्योंकि इसमें कोई सीमा नहीं है साइबर अपराध को अंजाम देने वाला आरोपी जिले के बाहर का भी हो सकता है। राज्य से बाहर का हो सकता है और दूसरे देश में बैठा आरोपी भी साइबर अपराध की वारदात को किसी भी देश में अंजाम दे सकता है अपने चूरू दौरे के दौरान आईजी ओमप्रकाश ने चूरू सीओ ऑफिस और कोतवाली थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जानी और परिवादियों के लिए बने स्वागत कक्ष की व्यवस्थाएं देखी।

### थप थपाई एसपी की पीठ

क्राइम बैठक के बाद आईजी ओमप्रकाश ने पुलिस लाइन सभागार में मीडिया से मुखातिब के दौरान चूरू एसपी निश्चय प्रसाद की सराहना करते हुए कहा कि एवरेज के हिसाब से पेंडिंग मामलों के निस्तारण में चूरू पुलिस प्रदेश में अव्वल है। चूरू में चिट्टे, अफीम, गांजा तस्करों पर लगाम लगाने के सवाल पर आईजी ओमप्रकाश ने कहा अपराध और नशा प्रवृत्ति को रोकना सिर्फ पुलिस का काम नहीं है अन्य एजेंसी समाज कल्याण, एनसीबीए और भी सेन्ट्रल एजेंसी है और उनसे ज्यादा महत्वपूर्ण है आम नागरिक।

आईजी ओम प्रकाश ने कहा आम नागरिक अपने आसपास के व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन और उसकी प्रवृत्ति को नोट कर अपने मोहल्ले में नशा तस्करों के रैकेट की सूचना भी पुलिस को दे सहभागिता निभा सकता है और पुलिस सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम भी गुप्त रखेगी।

# गौ सम्मान आह्वान हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरूआत

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** देश भर में संतों के सानिध्य में चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत दुलिया बास स्थित बीड़दादास सांगलिया बगीची में महंत केशवदास महाराज के सानिध्य में बैठक संपन्न हुई। बैठक में देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया। बैठक में केशव दास महाराज ने बताया कि पूरे देश के प्रमुख विद्वान संतों द्वारा गाय की सेवा, सुरक्षा, रक्षा व सम्मान के लिए गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जाए। केशव दास महाराज ने बताया कि इस देश व्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गाय को राष्ट्र माता घोषित करने, गौरक्षा व गौ सेवा के लिए केंद्रीय कानून बनाने, गौ विकास मंत्रालय बनाने, गोचर बोर्ड बनाने, चारा सुरक्षा नीति, गौ आधारित कृषि व्यस्था को आगे बढ़ाने सहित गौ सम्मान के अन्य मुद्दे शामिल हैं। किशोर दास स्वामी ने बताया कि सुजानगढ़ तहसीलवासियों व गौ प्रेमियों द्वारा आगामी 27 अप्रैल को उपखंड अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र ज्ञापन दिया जाएगा। बबलू बजरंगी ने बताया कि इस अभियान को लेकर गौ भक्तों की टीम द्वारा सुजानगढ़ तहसील के प्रत्येक गांव की चौपाल तक जाकर हजारों लोगों के हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। बैठक में विहिप जिला अध्यक्ष सुभाष पारीक, राजेश सुंदरिया, नरेंद्र सिंह भाटी, अशोक शर्मा, गजानंद दाधीच, कालूराम बाबरिया, सचिन सिंह, संदीप सिंह, सोनू सिंह, राहुल प्रजापत, ऋतिक सैन, विक्की ढेनवाल, राजू राम, सुरेश मेघवाल सहित अनेकों गौ भक्त उपस्थित रहे।

# ग्राम स्वच्छता अभियान योजना के तहत एडिशनल सीईओ ने किया निरीक्षण

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभियान अंतर्गत स्वच्छता गतिविधितो में ग्राम स्वच्छता अभियान योजना की प्राथमिकता में इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागचंद ख्यालिया, विकास अधिकारी अशोक कुमार छिरंग, जिला परियोजना समन्वयक श्याम लाल पारीक ने तारानगर पंचायत समिति के गांव बुचावास और भालेरी का औचक निरीक्षण कर ग्राम स्वच्छता, कचरा संग्रहण, कचरा परिवहन, सामुदायिक शौचालय, कचरा संग्रहण केंद्र आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को 3 दिन में सुधार कर रिपोर्ट भिजवा, जाने का ग्रामविकास अधिकारी एवं प्रशासक को निर्देश जारी किये गये। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सफाई नियमित करवाए अन्यथा प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त विकास अधिकारी तुलछाराम एवं ब्लॉक समन्वयक रामकिशन सारण, बुचावास प्रशासक मनोज पारीक एवं ग्राम विकास अधिकारी रवि कुमार तथा ग्राम पंचायत भालेरी में ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार सहारण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# नाजुक युद्धविराम

तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा से दुनिया को उस युद्ध से राहत मिली है, जिसने संघर्षरत पक्षों के अलावा पूरी दुनिया के लोगों के जीवन यापन को गहरे तक प्रभावित किया। निस्संदेह इस युद्ध ने पश्चिम एशिया के रणनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने के साथ ही वैश्विक कूटनीति पर असर डाला है। एक माह से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विनाशकारी हवाई हमलों, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी और सभ्यता के विनाश के खतरों के बाद अब एक अस्थायी विराम ने पूरी दुनिया को राहत दी है। युद्ध भले ही अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच लड़ा जा रहा था, लेकिन इसने दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों, वैश्विक बाजारों और ऊर्जा पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरे तक प्रभावित किया। उनके लिये अस्थायी युद्ध विराम होना निस्संदेह राहतकारी खबर है। लेकिन इसके बावजूद हकीकत यह है कि इस नाजुक शांति के पीछे कई चिंताजनक सच्चाइयां छिपी हैं। यह सर्वविदित है कि जिन उद्देश्यों को लेकर अमेरिका-इस्राइल ने यह युद्ध शुरू किया था, वे कहीं से पूरे होते नजर नहीं आते।


वह बात अलग है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार लक्ष्य पूरे होने की दलील देते रहते हैं। वहीं ईरान भी युद्ध विराम को अपनी सफलता के रूप में दर्शा रहा है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप इस युद्धविराम को अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व के प्रमाण और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को खत्म करने के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान इसे अपनी एक रणनीतिक जीत बताता है। उसकी दलील है कि उसने दुनिया की सुपरपॉवर अमेरिका व आक्रामक इस्राइल की सेनाओं के हमलों का अकेले ही मुकाबला किया और वैश्विक तेल आपूर्ति पर अपने प्रभाव को प्रदर्शित किया है। ऐसे में कूटनीति के जानकार आशंका जता रहे हैं कि ये परस्पर विरोधी बयानबाजी स्थायी शांति की दिशा में एक कारगर कदम नहीं, बल्कि महज रणनीति में बदलाव का संकेत है।

मौजूदा परिदृश्य व लगातार संवेदनशील घटनाक्रमों के बीच कहना मुश्किल है कि यह युद्धविराम किसी तार्किक परिणति तक पहुंचेगा। कहा नहीं जा सकता कि युद्धविराम के बावजूद इस्राइल पड़ोसी देशों पर हमले रोकेगा। वह कह रहा है कि लेबनान पर उसके हमले जारी रहेंगे। वहीं पाकिस्तान की तरफ से कहा जा रहा है कि समझौते के प्रारूप में लेबनान पर इस्राइल के हमले रोकना भी शामिल है।




## विशेष आलेख

# कहां गए शांति के कपोत उड़ाने वाले?


आज की दुनिया बारूद से धधक रही है। रूस-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व के रेगिस्तानों तक, हर तरफ मिसाइलों की गूँज है। शांति की बाते अब सुनाई नहीं देतीं। शांति के कपोत उड़ाने वाले दिखाई देने बंद हो गए। युद्ध की विभिषिका के विरोध में प्रदर्शन करने और मोमबत्ती जलाने वाले अब सड़कों से गायब है। युद्ध के विरोध के स्वर धीमे ही नही हुए, पूरी तरह खामोश हो गए। बुद्ध के संदेश अब किताबों में ही बंद होकर रह गए है। युद्धों के विरोध की कही से बात नही उठ रही। दुनिया में शांति स्थित करने के लिए बने संयुक्त राष्ट्रसंघ के मुंह पर टेप चिपक गया। वह देख सकता है। न कुछ बोल सकता है। न आदेश कर सकता है।

विडंबना देखिए कि इक्कीसवीं सदी में हम मंगल पर बस्तियां बसाने की बात कर रहे हैं, लेकिन ज़मीन के चंद टुकड़ों और आपसी वर्चस्व के लिए हज़ारों बेगुनाहों का खून बहाने से भी पीछे नहीं हट रहे। युद्ध चाहे रूस और यूक्रेन के बीच हो, या इज़राइल, ईरान और अमेरिका के बीच का तनाव हो। जीत के झंडे चाहे जिस देश के हाथ आएं, हारती हमेशा मानवता है। इन युद्ध में विजयी कोई भी हो, सदा पराजित तो मानव होती है। मरती बस इंसानियत है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी समस्या का समाधान नहीं रहा, बल्कि यह नई समस्याओं का जन्मदाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई बार कहा कि दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत है। कई मंचों से उन्होंने यह मांग उठाई, किंतु किसी भी देश ने शांति का समर्थन नहीं किया। सब देश गूंगे बन कर रह गए। आज भी ये ही हाल है। मरता ईरान खाड़ी के उन देशों पर मिसाइल और ड्रोन दाग कर तबाही मचा रहा है, जिनमे अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। अपनी बरबादी होते देख ये देश ईरान पर अमेरिकी हमलों का उस तरह विरोध नही कर रहे, जिस तरह कि करना चाहिए।

रूस-यूक्रेन युद्ध के समय जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा संकट को जन्म दिया तो मध्य पूर्व (इज़राइल-हमास-ईरान) के संघर्ष ने दुनिया को धार्मिक और कूटनीतिक ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इन लड़ाइयों में टैंकों की गड़गड़ाहट के बीच जो आवाज़ दब जाती है, वह है—एक मासूम बच्चे की चीख और एक बेबस माँ की कराह। युद्ध की सबसे बड़ी कीमत वे लोग चुकाते हैं जिनका राजनीति या सत्ता की लालसा से कोई लेना-देना नहीं होता। यूक्रेन के कीव से लेकर गाज़ा की गलियों और ईरान के गांव तक तक, हज़ारों औरतें और बच्चे मौत की नींद सो चुके हैं। जो उम्र खिलौनों से खेलने की थी, उस उम्र में बच्चे बमों के धमाकों को पहचानना सीख रहे हैं। हज़ारों बच्चे अनाथ हो चुके हैं और लाखों का भविष्य मलबे के नीचे दब गया है। युद्ध के दौरान महिलाओं को न केवल विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है, बल्कि वे शारीरिक और मानसिक हिंसा का सबसे आसान लक्ष्य बनती हैं।

युद्ध केवल इंसान को नहीं मारता, वह सदियों से बनी-बनाई सभ्यताओं और बुनियादी ढांचे को भी नष्ट कर देता है। स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इमारतों पर गिरते बम यह दर्शाते हैं कि आधुनिक समाज कितना असंवेदनशील हो चुका है। जब एक अस्पताल पर मिसाइल गिरती है, तो वह केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं ढहती, बल्कि इंसानियत की आखिरी उम्मीद भी टूट जाती है। इन लड़ाइयों का असर केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दुनिया भर में अनाज की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ दिया। इससे गरीब देशों में भुखमरी का खतरा बढ़ गया। ईंधन की बढ़ती कीमतें और खाद्य पदार्थों की कमी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जो खरबों डॉलर शिक्षा, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में खर्च होने चाहिए थे, वे आज आधुनिक हथियार और मिसाइलें बनाने में झोंके जा रहे हैं।

युद्ध का एक और खामोश शिकार हमारा पर्यावरण है। हज़ारों टन गोला-बारूद का इस्तेमाल वायुमंडल को ज़हरीला बना रहा है। जंगलों की आग, समुद्री प्रदूषण और ज़मीन में धंसे बारूदी सुरंग आने वाली कई पीढ़ियों के लिए मौत का जाल बिछा रहे हैं। हम जिस धरती को बचाने की कसमें खाते हैं, उसी को युद्ध की आग में झोंक रहे हैं। संसाधनों को बरबाद कर रहे हैं। जब हम टीवी पर बमबारी के दृश्य देखते हैं और उन्हें केवल एक न्यूज़ अपडेट की तरह छोड़ देते हैं, तो समझ लीजिए कि हमारे भीतर की इंसानियत मर चुकी है। युद्ध हमें क्रूर बना देता है। हम मौतों को केवल आंकड़ों में गिनने लगते हैं। घृणा का यह बीज जो आज बोया जा रहा है, वह भविष्य में और अधिक कट्टरपंथ और आतंकवाद को जन्म देगा। अमेरिका आज दुनिया का सबसे बड़ा तानाशाह बन गया है। उसने इराक पर यह कह कर हमला किया था कि उसके पास कैमिकल और अन्य घातक शस्त्र है। इराक हार गया। सद्दाम हुसैन पकड़े ही नही गए, उन्हें फांसी हो गई, किंतु अमेरिका इराक से कुछ भी बरामद नही कर पाया। उसका सब झूंठा प्रचार रहा। अब ईरान पर यह कह कर इजरायल और अमेरिका ने हमला किया कि वह परमाणु बम बनाने के नजदीक है। उसकी इस शक्ति को खत्म करना है। हमले जारी है। इस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए अपने मन की बात कह दी कि उसे ईरान के तेल पर कब्जा करना है। तीन जनवरी 2026 को अमेरिकी सेना ने एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान वेनेजुयला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनके देश (कराकस) से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नार्को-आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों के बाद की गई। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया। बहाना मादक पदार्थो की तस्करी रोकना था किंतु अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे हैं कि वेनेजुयला का तेल वे बेचेंगे। उनकी मर्जी से बिकेगा। इस सब का मतलब साफ है कि दुनिया के संसाधनों पर अमेरिका की नजर है। वह किसी ने किसी बहाने उन पर कब्जा करना चाहता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बड़ा बयान सामने आया। ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला तो अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल सकता है और वहां से तेल लेकर बड़ा मुनाफा कमा सकता है। उनके इस बयान ने पहले से चल रहे संघर्ष को और संवेदनशील बना दिया है।

फिलहाल ईरान ने इस अहम समुद्री रास्ते को बंद कर दिया है। इस कारण दुनिया भर में तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है और कीमतों में तेजी देखी जा रहीयह संघर्ष अब सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं रहा है। अमेरिका और इस्राइल ने ईरान और लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए हैं। इसके जवाब में ईरान ने भी कई खाड़ी देशें पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। हाल के दिनों में हमलों की संख्या कुछ कम हुई है, लेकिन पूरी तरह रुकी नहीं है।

ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल होने से इन्कार करने वाले ब्रिटेन जैसे वह देश होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से जेट ईंधन नहीं पा रहे हैं। उनके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का सुझाव है- पहला- अमेरिका से तेल खरीदो, हमारे पास बहुत है। दूसरा- हिम्मत जुटाओ, जलडमरूमध्य पर जाओ और उसे अपने कब्जे में ले लो।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पूर्व महानिदेशक मोहम्मद अल बारदेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ 48 घंटे का अल्टीमेटम जारी करने के बाद खाड़ी देशों से हस्तक्षेप करने की तत्काल अपील की है। पूर्व आईएईए प्रमुख ने विनाशकारी सैन्य टकराव की संभावना का जिक्र किया। बारदेई ने एक्स पर एक पोस्ट में पड़ोसी खाड़ी देशों को संबोधित करते हुए कहा, कृपया, एक बार फिर अपनी पूरी ताकत झोंक दें, इससे पहले कि यह पागल शख्स इलाके को आग का गोला बना दे।

## स्वास्थ्य समाचार

# आंखों की रोशनी बढ़ाने में मददगार हो सकती हैं यह आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां

आंखें हमारे शरीर का अभिन्न हिस्सा है। आंखों के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। आंखों की वजह से ही हम हर चीज को देख पाते हैं। लेकिन समय के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है और आंखों से जुड़ी परेशानियां भी होने लगती हैं। आजकल के समय में नजर कमजोर होना एक आम समस्या बन गई है। लगातार मोबाइल या कंप्यूटर का इस्तेमाल करने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है। आजकल छोटे-छोटे बच्चों को भी चश्मा लग रहा है। इससे लंबे समय में आंखों को गंभीर नुकसान भी हो सकता है।

### त्रिफला

त्रिफला, एक प्राचीन जड़ी-बूटी है जिसका इस्तेमाल कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए किया जाता है। त्रिफाता को आंवला, हरड़ और बहेड़ा को मिलाकर तैयार किया जाता है। त्रिफला का सेवन आंखों की रोशनी बढ़ाने में काफी लाभकारी साबित हो सकता है। इतना ही नहीं, त्रिफला आंखों की जलन, मोतियाबिंद और कंजंक्टिवाइटिस जैसी समस्याओं को दूर करने में भी कारगर है। इसके लिए एक चम्मच त्रिफला के चूर्ण को सुबह-शाम ताजे पानी और शहद के साथ मिलाकर खाएं।



### मुलेठी

मुलेठी कई औषधीय गुणों का खजाना है। यह न सिर्फ खांसी को दूर करती है, बल्कि आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आंखों में जलन होने पर भी मुलेठी का इस्तेमाल करने से लाभ पंहुचता है। मुलेठी का सेवन करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है और आंखों से जुड़े रोगों में फायदा मिलता है। इसके लिए मुलेठी के क्वाथ से आंखों को धोएं। इसके अलावा, मुलेठी पाउडर में बराबर मात्रा में सौंफ का पाउडर मिलाकर सुबह-शाम खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है और आंखों का लालपन कम होता है।

### जीवंती

आयुर्वेद में जीवंती को जीवन रक्षण औषधी कहा जाता है, क्योंकि यह कई बीमारियों को जड़ से खत्म करने में प्रभावी है। आंखों से संबंधित रोगों में जीवंती का इस्तेमाल काफी फायदेमंद माना जाता है। जीवंती के औषधीय गुण रतौंधी के इलाज में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके नियमित सेवन से आंखों की रोशनी तेज होती है और नाईट विजन में भी सुधार होता है। इसके लिए जीवंती के 5-10 ग्राम पत्तों को घी में पकाकर रोज सेवन करें। इससे आपको काफी लाभ होगा।

### गिलोय

आयुर्वेद में गिलोय को अमृता भी कहा गया है। इसका सेवन हमारे स्वास्थ्य और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गिलोय में कई औषधीय गुण होते हैं, जो आंखों की कई समस्याओं को दूर करने में कारगर होते हैं। इसके पत्तों में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए फायदेमंद है। इसके लिए गिलोय के रस में शहद डालकर सुबह-शाम सेवन करें।



### जंगली शतावरी

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए जंगली शतावरी एक अद्भुत औषधि है। यह जड़ी-बूटी आंखों की रोशनी तेज करने में बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। जंगली शतावरी का सेवन करने से आंखों में चमक बढ़ती है। इसके लिए जंगली शतावरी को शहद में मिलाएं और इसे गुनगुने दूध के साथ खाएं। इसे कुछ महीनों तक नियमित रूप से खाने से आपको काफी लाभ हो सकता है।

# पेरेंट्स की यह आदतें बच्चे को बना देती हैं दब्बू, अनजाने में आप तो नहीं कर रहे गलती?

कहते हैं कि बच्चे का व्यवहार, उसकी बातचीत का तरीका और उसका स्वभाव, सब घर से ही तय हो जाता है। ज्यादातर पेरेंट्स यही चाहते हैं कि उनका बच्चा होशियार, कॉन्फिडेंट और आत्मनिर्भर बने। इसके बावजूद हर बच्चे का व्यवहार अलग होता है, हर बच्चे की काबिलियत अलग-अलग होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर पेरेंट्स की पेरेंटिंग स्टाइल अलग होती है। कुछ पेरेंट्स ऐसे होते हैं, जो जाने-अनजाने अपने बच्चों को दब्बू किस्म का बना देते हैं। असल में, इसके पीछे बच्चे के साथ पेरेंट्स का बिहेव करते हैं, यह बात मायने रखती है।

**बहुत ज्यादा सख्त होना :** बच्चों के साथ सख्ती जरूरी है। लेकिन बहुत ज्यादा सख्ती करना भी अच्छी बात नहीं है। जब पेरेंट्स बच्चों के साथ ज्यादा सख्ती करते हैं, तो बच्चों के मन में अपने पेरेंट्स के खिलाफ डर बैठ जाता है। यह डर उनके दिल में इतने गहरे तक बस जाता है कि वे अपनी बात किसी के साथ शेयर करने से डरते हैं। अगर समय रहते पेरेंट्स ने अपने बच्चे के मन के डर को नहीं समझा, तो आपका बच्चा अन्य बच्चों की तरह सहज नहीं रह सकेगा। उसका विकास भी बाधित होगा।

**मार-पीट करना :** बच्चों के साथ मार-पीट करना कभी-भी, किसी-भी समस्या का समाधान नहीं होता है। बच्चे अगर शैतानी करें, तो जरूरी है कि उन्हें समझाया जाए और उन्हें बताया जाए कि जो काम वह कर रहे हैं, वह क्यों गलत है। इस सच्चाई को जानने के बावजूद, कई पेरेंट्स ऐसे हैं, जो अपने बच्चे को उनकी जरा-जरा



सी गलती पर मारने लगते हैं। मार-पीट करने से बच्चे का आत्मविश्वास पूरी तरह छलनी हो जाता है। जब बच्चे का आत्मविश्वास खो जाता है, तो उसके मन में डर बैठ जाता है। उसे लगने लगता है, वह जो भी काम कर रहा है, वह गलत है। सभी पेरेंट्स के लिए जरूरी है कि बच्चे के साथ मार-पीट करने के बजाय उसके प्यार से बातचीत करे।

### दूसरे बच्चे से तुलना करना

यह एक ऐसी गलती है, जो लगभग सभी पेरेंट्स करते हैं। यह एक ऐसी आदत है, जो आपके बच्चे के अंदर दूसरे बच्चे के प्रति ईर्ष्या, हिंसा और द्वेष पैदा कर सकती है। इसके साथ ही बार-बार दूसरे बच्चे से तुलना करने की आपकी यह आदत आपके बच्चे को किसी नए चीज की शुरुआत करेन से रोक सकती है। ऐसा करना सही नहीं है। ध्यान रखें कि बच्चे होने का मतलब है कि ढेरों शैतानियां, नई-नई कल्पनाएं। अगर आपकी आदत की वजह से बच्चे ने अपनी कल्पनाशीलता खो दी, तो उसके अंदर सिर्फ डर रह जाएगा, जो उसे कभी आगे बढ़ने नहीं देगा। इसलिए अपनी इस आदत में सुधार जरूर करें।

### मोटिवेट न करना

मौजूदा दौर में यह खूब देखा जा रहा है कि पेरेंट्स अपने बच्चे को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ भी कर गुजर रहे हैं। लेकिन वे एक चीज भूल रहे हैं, वह है बच्चे को मोटिवेट करना। याद रखें कि अगर आप बच्चे को मोटिवेट नहीं करते हैं, तो इससे बच्चे के मन को ठेस पहुंचती है। अगर आप बच्चे के मन को बार-बार ठेस पहुंचाएंगे, तो वे कभी भी खुद को आगे बेहतर साबित नहीं कर सकेंगे। बेहतर परफॉर्मेंस नहीं होने के कारण, वे खुद को दूसरों से पिछड़ा हुआ महससू करेंगे। पिछड़ापन और नाकामी बच्चों को दब्बू बना देती है। अगर आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा दब्बू बने, तो उसे मोटिवेट करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ होगा। घर में मित्रों और सगे- संबंधियों के आगमन से वातावरण प्रफुल्लित रहेगा।

### वृष

मां के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी कामों में लाभ मिलने की संभावना है। खट्टे- मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा।

### मिथुन

शारीरिक-मानसिक ताजगी के कारण काम करने का उत्साह होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है, इसलिए छोटे खर्च होने पर भी आप चिंता नहीं करेंगे। दोस्तों के साथ समय अच्छा कटेगा।

### कर्क

धार्मिक और मांगलिक कामों में उपस्थिति रहेगी। तीर्थ यात्रा पर जाने के संयोग बनेंगे। स्वभाव में गुस्से की मात्रा बढ़ेगी। विदेश से मित्रों या स्वजनों का समाचार मिलेगा। मानसिक अस्वस्थता और संतानों की चिंता से व्यग्रता का अनुभव होगा।

### सिंह

अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा। भाग्य आपका साथ देगा। घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

### कन्या

काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार- विमर्श होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुले मन से घरेलू चर्चा करेंगे। घर की सजावट करेंगे। नौकरी- व्यवसाय के लिए कहीं बाहर जाने की संभावना है।

### तुला

अपने काम को समय पर पूरा करने की कोशिश करें। आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी।

### वृश्चिक

पानी और आग का डर बना रहेगा। कानूनी या अनैतिक काम से मुसीबत में फंस सकते हैं। आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा।

### धनु

आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

### मकर

नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी। विरोधियों से सावधान रहें।

### कुंभ

सुरुचिपूर्ण भोजन और पत्नी तथा पुत्र से लाभ होगा। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। नौकरी- धंधे में लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। दांपत्यजीवन सुखमय होगा। आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे।

### मीन

आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है। मेहनत का परिणाम नहीं मिलेगा।

# अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन मे तृतीय अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल जयपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता मे कुल 07 टीमों–उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मेट्रो, यातायात एवं पुलिस लाइन–ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, आर्म्स रेसलिंग, बास्केटबॉल एवं योगा खेल आयोजित हुए, जिसमें कुल 112 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय राजेश कांवट, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पार्थ शर्मा एवं लखन मीणा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो पिस्तौल व 10 जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 वर्षीय युवक की घेराबंदी कर उसके कब्जे से दो पिस्टल बरामद की है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ एवं गैंगस्टर के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में सब इंस्पेक्टर सुभाषचंद्र मय जाब्ता गश्त कर रहे थे। घुमान्दा सड़क मार्ग पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था, जिसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से दो पिस्टल बरामद हुई। 32 बोर की दो पिस्टल के साथ पुलिस ने 10 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी युवक कालूराम खीचड़ निवासी जांदवा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से पिस्टल की खरीद–फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत जामडोली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से पिस्टल रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओ से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत जामडोली थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर जामडोली इलाके में दबिश देकर हनुमान मीणा 22 निवासी सुमेल, आगरा रोड और शिवनारायण उर्फ करूवा 19 निवासी धौलपुर हाल जेडी, कॉलोनी पालड़ी मीणा–को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने तलाशी के दौरान हनुमान मीणा के पास से एक अवैध देशी पिस्टल व कारतूस तथा शिवनारायण के पास से एक रिवॉल्वर व जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने हथियार बाहर से लाना स्वीकार किया है। पुलिस अब हथियारों की सप्लाई चेन और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में गहन जांच कर रही है।

# सिंधी भाषा दिवस एवं संत कंवरराम जयंती पर कार्यक्रम आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय सिंधू सभा राजस्थान न्यास एवं भारतीय सिंधू सभा, जयपुर महानगर के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी भाषा दिवस एवं संत कंवरराम जयंती के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शुक्रवार सायं 5:30 बजे देवर्षि नारद सभागार पाथेय भवन, मालवीय संस्थानिक क्षेत्र, मालवीय नगर, जयपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश वाधवानी कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय सिंधू सभा एवं निदेशक, सिंधी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश सरकार, डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल क्षेत्रीय संघ चालक एवं संपर्क अधिकारी, भारतीय सिंधू सभा, राजस्थान तथा महेन्द्र कुमार तीर्थाणी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय सिंधू सभा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति में मोहनलाल वाधवानी न्यास अध्यक्ष, ईश्वर मोरवाणी यास सचिव, शोभा बसंतानी प्रदेश अध्यक्ष, मातृ शक्ति, विष्णुदेव सामतानी अध्यक्ष, जयपुर महानगर, अशोक छाबड़ा मंत्री जयपुर महानगर, नवल किशोर गुरनानी मुख्य संयोजक, रमेश केवलाणी संयोजक, शिव कुमार सखनानी सह–संयोजक, किरण होतवाणी एवं अंजली ज्ञानानी सह–संयोजक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में सिंधी भाषा, संस्कृति और संत कंवरराम के आदर्शों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# जिले के सभी उपखंडों में आयोजित हुए अटल जन सेवा शिविर

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में गुरुवार को जिले के सभी उपखंडों में अटल जन सेवा शिविर उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित किए गए। शिविरों के दौरान संबंधित उपखंड अधिकारियों ने उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं अभाव–अभियोगों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त परिवेदनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर के दौरान ही कई प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया। जिले के सभी उपखंडों से प्राप्त हुए कुल 67 परिवादों में से 25 का हुआ मौके पर ही निस्तारण अटल जन सेवा शिविर के दौरान जिले के सभी उपखंडों में प्राप्त कुल 67 परिवादों में से 25 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इन शिविरों में चूरू उपखंड में 14 में से 10, तारानगर व सरदारशहर उपखंड में 03–03 में से 02–02, रतनगढ़ में 18 में से 05, बीदासर में 14 में से 06 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी क्रम में राजगढ़ में 02 व सुजानगढ़ में 13 परिवाद प्राप्त हुए। अटल जन सेवा शिविरों के दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहकर आमजन के परिवाद सुने और मौके पर ही निस्तारण के प्रयास किए। इसी के साथ चक्रीय क्रम से ग्रुपवार आवंटित ब्लॉकों में जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न

निसं




**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित पटवारी धर्मशाला में कांग्रेस की श्रीमाधोपुर और अजीतगढ़ ब्लॉक स्तरीय बैठक हुई। संगठन बढ़ाओ और लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसमें संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावों की रणनीति और सरकार की नीतियों पर चर्चा की गई। नीमकाथाना जिलाध्यक्ष प्रो. गोविंद नारायण घसिया ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव समय पर कराना संवैधानिक प्रावधान है लेकिन सरकार इन्हें टाल रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है। पूर्व पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने महंगाई, घरेलू गैस की किल्लत और जनविरोधी नीतियों को लेकर सरकार की आलोचना की। प्रभारी महेंद्र लांबा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्य ठप हैं और कई योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और पंचायत समिति चुनाव समय पर नहीं कराए जा रहे हैं और विभाग कार्यवाहकों के भरोसे चल रहे हैं। लांबा ने ये भी बताया कि पूर्व सरकार के समय निःशुल्क पट्टे वितरित किए गए थे लेकिन वर्तमान सरकार ने अब तक कोई नया पट्टा जारी नहीं किया है। बैठक में श्रीमाधोपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रकाश सैनी, अजीतगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद स्वामी, युवा नेता कुणाल सिंह शेखावत, संगठन महामंत्री राकेश तिवाड़ी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहम्मद नूरुद्दीन, पर्यावरण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष लालबहादुर सैनी सहित विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ गांव–गांव और ढाणी–ढाणी जाकर जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया।

# पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता की तैयारियां प्रारंभ

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा 23 अप्रैल गुरुवार को स्व. चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में होने वाली पुरुष एकल गायन द्वितीय प्रतियोगिता का आयोजन को किया जायेगा जिसकी तैयारिया प्रारंभ कर दी गई है। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है पहला ग्रुप अ जिसमें 18 वर्ष तक के लड़के–युवा भाग ले सकते है, दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष से उपर के लड़के–पुरुष भाग ले सकते है। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंकलिन, प्रोजेक्ट को–चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा को बनाया गया है, जो इस प्रतियोगिता के लिए स्थानीय स्कूल, कॉलेज व कोचिंग में प्रचार–प्रसार करके छात्रों को मोटिवेट कर रहे है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बड़ी संख्या में पंचायत समिति पहुंची आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और विकसित भारत सामाजिक सुरक्षा लाभार्थी चिन्हीकरण सर्वे का कार्य करने से मना कर दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और उसके बाद उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बताया कि हमारे विभाग के अधिकारी मौखिक आदेश देकर हम पर ये सर्वे कार्य करने के लिए दबाव बना रहे हैं जबकि हम लोगों के पास पहले से ही काफी ज्यादा काम है। और तो और हमें फोर जी फोन दे रखे हैं, जिसके कारण हमारा कार्य काफी देरी से सम्पन्न होता है। ऐसे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विकसित भारत के तहत सर्वे कार्य नहीं कर पायेंगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुशीला पुरोहित, सुमन जाट, कैलाश पंवार, विमला स्वामी, विजेता स्वामी, बिपुबाला, संतोष देवी शर्मा, रूचि शर्मा, मोनिका मिश्रा, सुनीता, ओमी देवी, कमला, द्रोपदी, अमीता, किरण, मनसुखी, मोनिका, भाग्य लक्ष्मी, वीणा देवी, कमला दर्जी, सम्पत देवी, टीमू वर्मा, प्रेम शर्मा, सरस्वती, मंजू, नोरा, पदमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# हादसों में एक की मौत, 3 हुए घायल, एक रैफर

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अलग.अलग हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सालासर रोड पर धाँ गांव पुलिया से भीमसर की ओर लोड़सर साइड से अपने गांव जा रहे बाईक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसे 108, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, भागीरथ आदि ने इमरजेंसी मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त ताराचंद जाट 40 पुत्र भँवरलाल जाट, निवासी गांव मुरड़ाकिया के रूप मे हुई। गुरुवार सुबह परिजनों की रिपोर्ट पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इसी प्रकार ट्रक द्वारा ट्रेक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। बुधवार रात करीब सवा 11 बजे बजरी से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली को सुजानगढ़ सालासर रोड पर धां पुलिया के पास ट्रक चालक पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया।

जिससे उस पर सवार मांगीलाल, राजकुमार, बंटी, निवासीगण शोभासर घायल हो गये, जिनको 108, भरत, भागीरथ द्वारा सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर उपचार करवाया गया। घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। इसी प्रकार गुरुवार सुबह भोजलाई रोड पर सामुदायिक भवन के पीछे साइड के खेतों की ओर रास्ते पर एक युवक गंभीर हालत मे पड़ा मिला। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भागीरथ, इंद्र चंद जाट मौके पर पहुंचे तथा युवक को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। स्थिति गंभीर होने के कारण युवक को सीकर रेफर कर दिया। सोशल मीडिया अपील पर गंभीर घायल की पहचान मोतीलाल पुत्र घनश्याम मेघवाल उम्र 35 वर्ष करीब निवासी गांव रोडू के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक युवक मजदूरी करता है। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली के एएसआई तेजाराम भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक 15 को

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक 15 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट सभागार में आयोजित की जाएगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि उक्त बैठक में गत बैठक के सुझाव की क्रियान्वयन एवं आगामी रूपरेखा तय की जाएगी।

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** पीएम श्री इंद्रमणि शारदा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तारानगर में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाली बालिकाओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, साफा व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 व 12 में परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं प्रथम श्रेणी 05, कक्षा 12वीं प्रथम श्रेणी 05, कक्षा 10 में 87 प्रतिशत से आफ्रीन पुत्री अबू बकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 में 91 प्रतिशत से आफ्रीन पुत्री कुतुबुद्दीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य कमलेश ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों, बालिकाओं को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मांगीलाल आसेरी, व्याख्याता ओंकारमल सहारण, उर्मिला पचार, शीला सैनी, वरिष्ठ अध्यापक सुमेर सिंह सिहाग, विमल भाकर, उषा पचार, केसर, विनोद कुमार, अध्यापिका रक्षा सारस्वत, पूनम आर्य, नवीन कुमार, पवन कुमार सहित अभिभावक व बालिकाएं उपस्थिति रही।

# जनगणना 2027 अंतर्गत स्व-गणना चरण 01 मई से, तैयारियां शुरू

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में 01 मई से जिले में जनगणना–2027 अंतर्गत स्वगणना चरण प्रारंभ होगा और जिले में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर जनगणना के विभिन्न चरणों के लिए विभिन्न प्रचार–प्रसार गतिविधियों हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर को नोडल अधिकारी तथा सहायक जनसम्पर्क अधिकारी मनीष कुमार को अतिरिक्त नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना–2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य 01 मई 2026 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस बार जनगणना प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल के रूप में स्व–गणना सेल्फइनुमेरेशन, का विकल्प भी शामिल किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जनगणना विवरणी भर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि स्व.गणना हेतु निर्धारित वेब पोर्टल 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक आमजन के लिए उपलब्ध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा इस डिजिटल सुविधा के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से आमजन को स्व. गणना हेतु प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में विभिन्न गतिविधियाँ जैसे प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, जनगणना चौपाल, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान एवं मैराथन आदि का आयोजन भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्व. गणना सुविधा का अधिकतम उपयोग करें और जनगणना 2027 को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# गीता के सिद्धांतों से व्यवसाय उन्नयन पर विशेष सत्र में उद्यमियों को मिला मार्गदर्शन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा उद्योग, व्यापार और उद्यमिता के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भगवद गीता के माध्यम से व्यावसायिक उन्नयन, नेतृत्व विकास एवं प्रबंधन कौशल विषय पर एक विशेष ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गौरांग वैदिक शिक्षा संस्थान के सहयोग से संपन्न हुआ। सत्र में वृन्दावन चन्द्र दास ने श्भग का सार वद गीता विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि गीता के सिद्धांत–कर्मयोग, सकारात्मक सोच, आत्म–अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा–व्यवसायिक सफलता के मजबूत आधार हैं। उन्होंने कहा कि बिना फल की चिंता किए कर्म पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर निर्णय क्षमता, तनाव प्रबंधन और दीर्घकालीन सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में गीता के प्रमुख सिद्धांतों जैसे नैतिकता, धैर्य, नेतृत्व कौशल और टीम प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर चैम्बर अध्यक्ष डॉ. के एल जैन ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में नैतिकता और दूरदृष्टि के साथ व्यवसाय करना अत्यंत आवश्यक है और गीता इसके लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। कार्यक्रम में चैम्बर पदाधिकारी, उद्योगपति, युवा उद्यमी, स्टार्टअप प्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

# परिंडे लगाकर पक्षियों की सेवा का लिया संकल्प

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनूं जिले के आबूसर ग्राम स्थित राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से परिंडे लगाए गए। इस सराहनीय पहल में पर्यावरण प्रेमी एवं पक्षी मित्र संजय शर्मा सहित चिकित्सालय स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में उपनिदेशक डॉ जयपाल सिंह फोगाट, डॉ पूजा थाकन, डॉ सोनू चौधरी, पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल बाडेटिया, वरिष्ठ पशुधन प्रसार अधिकारी रोहिताश्व कुमार, पशुधन निरीक्षक दीपचंद, विशाल कुमार, पशुधन परिचर सुभाष चंद्र एवं पशु परिचर मंजू सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ जयपाल सिंह फोगाट ने कहा कि पक्षियों की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का प्रथम कर्तव्य है। ऐसे कार्य करने से न केवल मन को शांति मिलती है बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के पुण्य कार्यों से समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और ईश्वर भी अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। चिकित्सालय स्टाफ ने परिंदों में नियमित रूप से दाना–पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस पहल को क्षेत्र में सराहा जा रहा है और लोगों को भी इससे प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि 11 अप्रैल को चूरू नगरपरिषद मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 12 अप्रैल को जिला व ब्लॉक स्तर पर महाविद्यालयों व आवासीय विद्यालयों में ष्संविधान को जाने विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इसी क्रम में 13 अप्रैल को स्वच्छता व सामाजिक समरसता कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय दर्शन एवं जीवन पर आधारित संगोष्ठी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन वृत्त पर व्याख्यान तथा छात्रावासों/आवासीय विद्यालयों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर आधारित चलचित्र प्रदर्शन व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और विद्यालयों में डॉ. अम्बेडकर/संविधान विषय पर निबंध लेखन, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को सवेरे 09 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ जिला एवं ब्लॉक स्तर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह अंतर्गत संविधान प्रस्तावना का वाचन व संविधान शपथ सहित अन्य संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिले में सभी कार्यक्रमों के समुचित व सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# कल मनाई जाएगी महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कस्बे के पुराना बस स्टैंड स्थित मिलन रेस्टोरेंट रसगुल्ला भंडार के ऊपर 11 अप्रैल को दोपहर सवा 12 बजे से महात्मा ज्योतिबा फुलेराव जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। आयोजनकर्ता राजेंद्र कुमार सैनी जिला अध्यक्ष राजस्थान माली महासभा ने बताया कि बस स्टैंड मिलन रसगुल्ला रेस्टोरेंट सभी से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में आप अपना अमूल्य समय निकालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी जिसमें सर्व समाज को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजनकर्ता सैनी जिला अध्यक्ष राजस्थान माली महासभा एवं रामनाथ सैनी पार्षद, पीडी सैनी, साधुराम सैनी सेवानिवृत्ति ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मोहनलाल सैनी अध्यक्ष अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान रजिस्टर्ड, भगवान सहाय सैनी निर्देशक आरभी पब्लिक स्कूल, महेंद्र खड़ोलिया पत्रकार सहित सभी समाज के कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को धूमधाम से मनाने पर मौजूद रहेंगे।

# सुबह के नाश्ते में अक्सर कई गलतियां करते हैं लोग उनकी सेहत पर पड़ता है बुरा असर



कई बार अपने लोगों को ये कहते सुना होगा कि हम कितना भी कम खाते है लेकिन पतले नहीं होते है या फिर लोग ये भी कहते नजर आ सकते है कि कितना भी खाते है लेकिन शरीर को लगता नहीं उल्टे कई तरह के रोग और बीमारियों से पीड़ित है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण आपके खानपान में संतुलन हो सकता है। कई बार पौष्टिक आहार की कमी के कारण आपका शरीर का सही विकास नहीं हो पाता है या वजन बढ़ नहीं पाता है। इसके अलावा गलत तरीके के डाइट लेने के कारण भी आपका मोटापा कम नहीं होता है। इससे कई तरह की बीमारियां या क्रोनिक समस्याएं हो सकती है। जैसे हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

**बैलेंस डाइट :** सुबह के नाश्ते में आपको अपनी प्लेट में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, सब्जियां और साबुत अनाज जरूर लेना चाहिए। अगर आप पतले होने या किसी अन्य कारण सुबह के समय का नाश्ता कम ले रहे है, तो इससे आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है और आप कमजोरी महसूस कर सकते है। इसके लिए नाश्ते में सभी अवयवों को शामिल करें।

**समय पर नाश्ता न करना :** कई लोग काम की जल्दी में या देर से उठने के कारण समय से नाश्ता नहीं कर पाते है और लंच के समय उनके नाश्ते का समय होता है। ऐसे लोगों में गैस और अपच की समस्या हो सकती है। नाश्ते में देरी के कारण आप अधिक खाना खा लेते है इसलिए सुबह का नाश्ता आपका पूरा दिन प्रभावित कर सकता है।

**नाश्ता न करना :** कई लोग अपना वजन घटाने के चक्कर में सुबह का नाश्ता स्कीप कर देते है। इससे आपका पाचन तंत्र खराब हो सकता है और दस्त, गैस और अपच की समस्या हो सकती है। साथ ही आंत भी कमजोर हो सकता है और भोजन के पाचन ढंग से नहीं हो पाता और आपको नींद भी ठीक से नहीं आती है।

**पर्याप्त प्रोटीन न लेने :** वजन घटाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक प्रोटीन है। यह आपको लंबे समय तक भरपूर महसूस करवाता है। सुबह के समय प्रोटीन के साथ दिन की शुरुआत करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करते है। इसके लिए आप सुबह में सैंडविच, मूंगादल चिला, सोया टिक्की और अंडे का सेवन कर सकते है।

**नाश्ते में कैफीन लेना :** बहुत से लोग सुबह उठकर कॉफी या चाय पीना पसंद करते है। इससे उनकी सेहत पर गलत असर पड़ता है। चाय या कॉफी में कैफीन या टैनिन जैसे तत्व पाए जाते है, जो आपके शरीर में कैल्शियम और आयरन का उचित ढंग से अवशोषण नहीं होने देते हैं।



### केवल जूस लेना

कई लोगों ऑफिस जाने की जल्दी में या वजन कम करने के लिए सुबह के नाश्ते में केवल जूस पीते है और पूरे दिन ठीक से खाना नहीं खाते है। इससे आपके शरीर में कैलोरी, विटामिन, खनिज और फाइबर की कमी हो सकती है। ऐसे में भरपूर पोषण आपको नहीं मिल पाता है और शरीर का विकास ठीक ढंग से नहीं हो पाता है। ऐसे में कई बीमारियां आपको हो सकती है।

## शिशुओं के लिए फायदेमंद होता है ज्वार का आटा

छोटे बच्चों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार तैयार करना काफी मुश्किल हो जाता है। इसके लिए पेरेंट्स को काफी मशक्कत भी करनी पड़ती है। खासकर जब बच्चे बड़े हो रहे होते है, तो उन्हें अधिक पोषक तत्व की जरूरत होती है। इसके लिए आपको अपने बच्चे के आहार में ज्वार का आटा जरूर शामिल करना चाहिए। हालांकि आपको यह 1 साल के बाद बच्चे के आहार में शामिल करना चाहिए। यह आसानी से पच जाने वाला भोजन है और इससे बच्चे को भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलती है। साथ ही इससे बच्चे की हड्डियां भी मजबूत होती है। दरअसल ज्वार के आटे में आयरन, पोटेशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम और फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट भी पाए जाते हैं।

**पाचन तंत्र को मजबूत रखे :** ज्वार का आटा छोटे बच्चों को कई तरीके से खिला सकते है। कई बार छोटे बच्चों के पेट में गैस और कब्ज की परेशानी हो जाती है और वह खाना भी ठीक ढंग से नहीं पता पाते है। ऐसे में ज्वार के आटे में पाए जाने वाले फाइबर की मदद से बच्चों का पाचन तंत्र सही रखने में मदद मिलती है। साथ ही इससे बच्चों में कब्ज, अपच और गैस की समस्या सो भी छुटकारा मिल सकता है।

**इम्यून सिस्टम सही रखे :** छोटी उम्र के बच्चों का इम्यून सिस्टम मजबूत होना बेहद जरूरी है ताकि वह कई तरह की बीमारियों और संक्रमण से बच सके। इसके लिए आप बच्चे को ज्वार के आटे की रोटियां बनाकर खिला सकते है। इसमें पाए जाने वाले कई तरह के पोषक तत्वों की मदद से बच्चे का संपूर्ण विकास होता है और बीमारियों से लड़ने की क्षमता का विकास होता है। इससे बच्चे में फ्लू और वायरल फीवर की समस्या भी कम हो सकती है।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद :** ज्वार के आटे के सेवन से बच्चे की हृदय संबंधित समस्याओं को दूर रखने में सहायता मिलती है। इसमें पाए जाने वाले पोटैशियम और मैग्नीशियम की मदद से कई



समस्याओं में आराम मिलता है और साथ ही छोटी उम्र में डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की बीमारियां होने की संभावना कम हो जाती है।

**हड्डियों को बनाए मजबूत :** बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए हड्डियों का मजबूत होना बेहद जरूरी है। कई बार कमजोर हड्डियों की वजह से बच्चों को चलने और खड़े होने में भी देरी आती है। ऐसे में ज्वार के आटे में कैल्शियम की मात्रा पाई जाती है, जिससे उनकी हड्डियां मजबूत होती है। साथ ही इसमें कॉपर और मैग्नीशियम पाए जाते है।

### बच्चे के लिए ज्वार के आटे की रेसिपीज

- बच्चे के लिए आप ज्वारे के आटे की आप नरम रोटियां बनाकर खिला सकते है। जब आपका बच्चा यह पचा ले, तो आप इसमें सोया, रागी और अन्य प्रकार के आटे को मिला सकते हैं।
- आटा में आप पालक के पत्ते, गर्निश करके कद्दू, हरा धनिया और पत्तेदार सब्जियां काटकर पराठा बना सकते है।
- इसके अलावा आप जीरा और अजवायन डालकर बच्चे के लिए मसाले वाली चिला बना सकते है। इसके साथ आप पुदीने की चटनी भी दे सकते है।
- बच्चों को आप रोटियां घी और गुड़ के साथ भी दे सकते है। हालांकि ऐसा तभी करे, जब बच्चा इसे पचा सके।

## बालों पर कौन सा तेल नहीं लगाना चाहिए? बालों के लिए सबसे खराब तेल

बालों को मजबूत और हेल्दी बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के हेयर केयर उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं। खानपान में गड़बड़ी और तनाव भरी जीवनशैली के कारण लोगों में बालों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही है। बालों का झड़ना, कम उम्र में बाल सफेद होना जैसी तमाम समस्याएं लोगों में आम हैं। पुराने समय में लोगों को बढ़ती उम्र के कारण बालों से जुड़ी समस्याएं होती थी लेकिन आज के समय में लोग कम उम्र में ही तमाम समस्याओं के शिकार हो रहे हैं। बालों में तेल का इस्तेमाल हर कोई करता है। आज के समय में मार्केट में तमाम तरह के तेल मौजूद हैं जिनका इस्तेमाल बालों पर किया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि बालों के लिए कई तरह के तेल बहुत नुकसानदायक होते हैं। सही तरीके से बालों की देखभाल करने से आपके बाल लंबे समय तक घने और मजबूत रहते हैं। बालों की देखभाल के दौरान कुछ गलतियों के कारण आपके बाल खराब और कमजोर हो सकते हैं।



### अरंडी का तेल

बालों में अरंडी का तेल लगाना नुकसानदायक हो सकता है। अरंडी के तेल का इस्तेमाल औषधि के रूप में भी किया जाता है। लेकिन अरंडी के तेल का इस्तेमाल बालों में करना नुकसानदायक हो सकता है। बहुत से लोगों को अरंडी के तेल से एलर्जी भी होती है, ऐसे लोगों के लिए अरंडी का तेल उनके बालों को कमजोर कर सकता है। बालों में अरंडी के तेल का इस्तेमाल करने से बालों में तेज दर्द हो सकता है। इससे स्कैल्प पर मौजूद बाल उलझे रहेंगे।

### जैतून का तेल

बालों के लिए जैतून का तेल बेहद अच्छा माना जाता है। लेकिन इसका सीधा बालों पर इस्तेमाल नुकसानदायक हो सकता है। बालों में जैतून के तेल का सीधा इस्तेमाल बालों को अधिक भारी बना सकता है। जैतून के तेल में मौजूद ओलेयूरोपिन नामक यौगिक बालों के विकास को प्रभावित करता है। इसके अलावा जैतून का तेल भी प्रकृति में कॉमेडोजेनिक होता है जिसका अर्थ है कि यह छिद्रों को बंद कर देता है और मुंहासों को ट्रिगर करता है। ऐसे लोग जिन्हें मुहांसों की समस्या है उन्हें बालों में जैतून का तेल नहीं लगाना चाहिए।

### मिनरल ऑयल

खनिज या मिनरल ऑयल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जिनका बालों पर इस्तेमाल बहुत नुकसानदायक माना जाता है। इसमें मौजूद पैराफिन मोम और पेट्रोलियम बालों के लिए नुकसानदायक होता है। बालों में मिनरल ऑयल का इस्तेमाल करने से बाल झड़ने की समस्या बढ़ती है और इससे स्कैल्प को काफी नुकसान होता है।

### कपूर का तेल

बहुत से लोग बालों में कपूर का तेल कई समस्याओं को दूर करने के लिए लगाते हैं लेकिन कुछ लोगों के लिए यह नुकसानदायक हो सकता है। कपूर के तेल के साइड इफेक्ट्स के कारण बालों में इसका इस्तेमाल नुकसानदायक होता है। बालों में कपूर का तेल लगाने से सिर की त्वचा रूखी हो सकती है और मुंहासे, रैशेज और फंगल इंफेक्शन भी हो सकते हैं। चूंकि यह खोपड़ी पर कठोर हो जाता है, इसलिए इसका इस्तेमाल नुकसानदायक होता है।

### नींबू का तेल

तेल के साथ नींबू का रस बालों में तमाम लोग लगाते हैं। कुछ लोग तो सिर पर सीधे ही नींबू का रस लगाते हैं, लेकिन ऐसा करना आपके बालों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। नींबू सभी के लिए फायदेमंद नहीं होता है। इसमें मौजूद तत्व बालों को सिकोड़ने का काम करते हैं जिसकी वजह से आपके बाल बेजान और पतले हो सकते हैं। ड्राई हेयर वाले लोग अगर बाल में नींबू का रस लगाते हैं तो उनके बाल और रूखे हो सकते हैं।

# पानी में हल्दी डालकर नहाने से आता है त्वचा पर निखार दूर होती हैं त्वचा की ये

हल्दी औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसका उपयोग सेहत, त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए किया जाता है। त्वचा के लिए हल्दी के फायदे। हल्दी को कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स में भी इस्तेमाल किया जाता है, वही कुछ लोग हल्दी उबटन या फिर हल्दी फेस पैक भी लगाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं पानी में हल्दी डालकर नहाने से भी त्वचा की कई समस्याएं दूर होती हैं। त्वचा में निखार आता है, त्वचा की रंगत में सुधार होता है और त्वचा चमकदार बनती है।



### त्वचा में निखार आए

वैसे तो त्वचा में निखार लाने के लिए कई लोग हल्दी फेस पैक का यूज भी करते हैं। लेकिन अगर आपके पास इतना समय नहीं है, तो आप सिर्फ नहाने के पानी में भी हल्दी मिलाकर इसके लाभ पा सकते हैं। इससे भी त्वचा में निखार आएगा। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा में निखार लाते हैं। हल्दी के तत्व त्वचा में प्राकृतिक चमक लाते हैं, त्वचा को पुनर्जीवित कर करते हैं।

### त्वचा के घाव ठीक करे

त्वचा के घाव को ठीक करने का एक बेहतरीन घरेलू उपाय हल्दी होता है। हल्दी में पाए जाने वाला करक्यूमिन सूजन और ऑक्सीकरण को कम करके, घावों को भरने में मदद करता है। हल्दी घाव को जल्दी ठीक करता है। त्वचा में किसी भी तरह का घाव होने पर आप नहाने के पानी में हल्दी मिला सकते हैं। लेकिन अगर घाव बड़ा है, तो एक्सपर्ट की राय पर ही इस घरेलू उपाय को आजमाएं।

### सोरायसिस में लाभकारी हल्दी

हल्दी का पानी सोरायसिस की समस्या में भी लाभकारी हो सकता है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, ये सोरायसिस के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं।

### मुहांसों से राहत मिले

पानी में हल्दी डालकर नहाने से मुहांसों की समस्या से भी राहत मिलती है। हल्दी मुहांसों के बाद होने वाले दाग धब्बों से भी छुटकारा दिलाता है। अगर आपकी त्वचा पर मुहांसे या इसके दाग धब्बे हैं, तो आप अपने नहाने के पानी में हल्दी मिला सकते हैं।



### त्वचा के लिए हल्दी के नुकसान

- भले ही हल्दी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन कुछ संवेदनशील त्वचा पर हल्दी नुकसान भी पहुंचा सकती है। इसलिए आपको हल्दी के पानी से नहाने से पहले एक पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।
- नहाने के पानी में सीमित मात्रा में ही हल्दी डालना चाहिए।
- कई लोगों को हल्दी से एलर्जी हो सकती है, हल्दी त्वचा में जलन, लालिमा और सूजन का कारण भी बन सकती है।

## उबले हुए नींबू का पानी पीने से सेहत को मिलते हैं कई फायदे

**नींबू का सेवन स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है। आपने नींबू पानी और नींबू के रस का इस्तेमाल अपने खाने में किया होगा लेकिन क्या आपने नींबू को पानी में उबालकर इसका सेवन किया है। यह आपको बिल्कुल नया अनुभव दे सकता है। साथ ही इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी है, जिससे आप सुबह या शाम को नींबू को पानी में उबालकर पी सकते है। इससे आपका पाचन तंत्र और स्किन से संबंधित समस्याएं दूर हो सकती है। साथ ही यह वजन घटाने और हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी आपकी मदद करता है। उबालकर नींबू का पानी पीने से आपका मूड पूरे दिन तरोताजा रहता है और आप इसे चाय के तौर पर भी पी सकते है। नींबू में विटामिन ए, सी, बी6, ई, कैल्शियम, पोटैशियम और फोलेट पाए जाते है। साथ ही इसमें मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस भी पाए जाते हैं। कोई साइड इफेक्ट्स नहीं है।**



**त्वचा के लिए फायदेमंद :** नींबू को उबालकर पीने से आपकी स्किन से संबंधित कई बीमारियां दूर हो सकती है। नींबू में विटामिन सी और ए की मात्रा पाई जाती है, जो आपकी स्किन को अंदर से साफ कर उन्हें हेल्दी और बेदाग बनाता है। उबले नींबू के पानी से आप अपनी स्किन को धो भी सकते है। इससे भी स्किन पर निखार आता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते है। इससे त्वचा के दाग हल्के हो सकते है।

**हाई ब्लड प्रेशर :** हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से आज के समय में कई लोग परेशान है लेकिन उबले नींबू का पानी पीने से इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। इसमें पोटैशियम और कैल्शियम पाए जाते है, जिससे ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। आप उबले नींबू के रस को चाय के तौर पर पी सकते है।

**इम्यून सिस्टम मजबूत करे :** नींबू में विटामिन सी पाया जाता है, जो शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत करने के साथ बॉडी को डिटॉक्स करने का काम भी करता है। इसके सेवन से आप इंफेक्शन से बचे रहते है और सामान्य सर्दी-जुकाम की समस्या भी नहीं होती है। उबले हुए नींबू पानी को आप डिटॉक्स वॉटर के रूप में पी सकते है।

**वजन कम करने में सहायक :** कई लोग अपने बढ़े हुए वजन को लेकर काफी चिंतित रहते है और वजन कम करने के लिए कई तरह के उपाय अपनाते है। ऐसे में आपअगर उबले नींबू का पानी पीते है, तो इससे आपका वजन तेजी से घट सकता है। यह आपके शरीर के फैट को कम करने और हाइड्रेट रखने में मदद करता है। आप नींबू पानी में शहद मिलाकर भी पी सकते है। इससे आपके शरीर से अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकल जाते है।


**पाचन सुधारे :** कई लोग अपच और गैस की समस्या से परेशान रहते है उनके लिए भी उबले हुए नींबू का पानी पीने के कई लाभ है। इससे पेट दर्द, कब्ज और अन्य पेट की समस्याओं में भी आराम मिलता है। इसे आप सुबह खाली पेट भी पी सकते है।

### ऐसे करें सेवन उबले हुए नींबू का सेवन

- सबसे पहले एक कटोरे में पानी ले लें। फिर उसमें आधा नींबू काटकर डालें और उसे 5 मिनट के लिए अच्छे से उबाल लें या जब तक नींबू का रस पानी से अच्छे से नहीं मिल जाता है, तब तक उबाल लें। फिर इसमें काला नमक मिलाकर इसका सेवन करें।
- इसी तरह आप नींबू को पानी में डालकर उबाल लें और फिर ठंडा होने के बाद इसमें शहद डालकर पी लें। इससे भी काफी फायदा होता है।
- इसके अलावा अगर आपको नींबू का पानी बहुत अधिक खट्टा लगे, तो आप इसे अपने खाने या सब्जी में डालकर भी बना सकते है। इसे खाने का टेस्ट भी बढ़ जाता है और सेहत भी अच्छी रहती है।

## बालों में नींबू का रस लगाने से हो सकती हैं समस्याएं, लगाने से पहले बर्तें सावधानी

बालों पर डैंड्रफ की परेशानी होने पर अक्सर कई लोग हमें नींबू का रस लगाने की सलाह देते हैं। वहीं, हम में से कई लोग बिना सोचे समझे डैंड्रफ को दूर करने के लिए नींबू का रस लगा भी लेते हैं। नींबू स्वास्थ्य से लेकर स्किन और बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे स्किन और बालों की कई परेशानी को दूर भी किया जा सकता है। अंडे से लकर नारियल तेल में इसे मिक्स करके लगाने से बालों और चेहरे की कई परेशानी दूर होती है। इस बात में कोई शक नहीं है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू को बालों पर लगाने से कई तरह के नुकसान भी हो सकते हैं?



### स्कैल्प पर हो सकता है रिएक्शन

नींबू लगाने से बालों में मौजूद डैंड्रफ की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है। लेकिन अगर आप लंबे समय पर स्कैल्प पर नींबू के रस को लगाकर रखते हैं, तो यह स्कैल्प पर रिएक्टशन कर सकता है। जिससे स्कैल्प का रंग गहरा और दाग-धब्बे हो सकते हैं। हालांकि, बालों को यह कोई खास तरह का नुकसान नहीं पहुंचाता है।

### धूप में कर सकता है रिएक्शन

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है, जो सूर्य की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है। ऐसे में जब आप अपने बालों पर नींबू का रस लगाकर बाहर जाते हैं, तो यह रिएक्ट कर सकता है। जिसकी वजह से बालों में खुजली और रैशेज हो सकते हैं। इसलिए इस बात का खास ध्यान रखें कि नींबू का रस बालों में लगाने के बाद बाहर न निकलें।

### बाल हो सकते हैं रूखे

नींबू के इस्तेमाल से बालों का रूखापन दूर हो सकता है। लेकिन अगर आप बार-बार बालों पर नींबू का रस लगाते हैं, तो यह आपके बालों को रूखे और बेजान बना सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल सीधे तौर पर करने से बचें। तेल या फिर दही के साथ मिक्स करके इसे अपने बालों पर लगाएं।

### सफेद हो सकते हैं बाल

जी हां, अगर आप नींबू के रस को सीधे तौर पर बालों पर लगाते हैं, तो यह आपके बालों को सफेद कर सकता है। दरअसल, नींबू के रस में सिट्रिक एसिड होता है, जो बालो के केराटिन को निकाल सकता है। केराटिन एक प्रोटीन है, जो हमारे बालों की रंगत को सुधारने में असरदार होता है। ऐसे में बालों पर नींबू को लगाने से पहले इसमें कोई अन्य वाहक चीजें जैसे- नारियल तेल, दही, बादाम का तेल इत्यादि मिक्स करें।

# जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन तथा पद्मभूषण जनरल सगत सिंह की स्मृति/प्रतिमा अनावरण पर चूरू में होने वाली विशाल जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तारानगर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में जनसंपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने गाँव गोगटीया कछावतान, ढाणी कुम्हारन, ढाणा पट्टा सात्यूँ, सात्यूँ, राजपुरा, मोरथल, बास नेहरा, हड़ियाल, ब्रह्मनगर, बास संगर, नरसिंहनगर, बास फगेड़िया, ढाणी मोतीसिंह, ढाणा पट्टा राजपुरा, ढिंगी/लाम्बा की ढाणी रतनपुरा, राजू की ढाणी, झाड़सर बड़ा, झाड़सर धुआँ, चाहरों का बास, अभयपुरा, जवानीपुरा, बीघरान में जनसंपर्क किया। जनसम्पर्क के दौरान गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ करीब 4 दशक से जनता की जनसेवा कर रहे हैं। राठौड़ 24 घंटे जनता की सेवा में हाजिर रहते हैं हमारे लिए गौरव का विषय है कि 22 अप्रैल को राठौड़ का जन्मदिन है और इस दिवस पर देश के गौरव पद्मभूषण जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण होना है।

इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल ओम माथुर, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित अनेक केंद्रीय व राज्य मंत्री मौजूद रहेंगे जिसमें आप सभी को पधारना है। जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, भाजपा नेता महावीर पूनिया, रतनसिंह राठौड़, नरेश सहारण, शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने सभी से अधिकाधिक संख्या में 22 अप्रैल को प्रात: 10 बजे कृषि उपज मंडी चूरू पहुँचने का आह्वान किया। इस दौरान विधानसभा संयोजक अजीतसिंह राठौड़, लीलाधर बागोरिया, मदन नायक, राजेंद्र जोइया, सरसंदीप सिंह राठौड़, मदन गुरी, शिवराम सिहाग, अमीलाल मेघवाल, राकेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, साबिर हुसैन, सूर्यप्रकाश ढाका, हरि इंदौरिया, मेनपाल राहड़, चिरंजीलाल भारद्वाज, मुकेश शर्मा, रणजीत सिंह तंवर, आशीष दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता साथ मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा शुरू

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शुक संप्रदाय प्रवर्तक आचार्य महामुनीन्द्र भगवान शुकदेव जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को सुभाष चौक दरीबा पान स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्री शुक संप्रदाय पीठाचार्य अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ व्यास पूजन और वृंदा पूजन किया गया। श्रीधाम वृंदावन के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य मदन मोहन दास महाराज ने व्यासपीठ से कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान का वाड्मय स्वरूप है। जिस तरह फूलों का सार शहद, दूध का सार घृत है उसी तरह ग्रंथों का सार श्रीमद्भागवत है। जो भागवत में है वहीं ग्रंथों में हैं जो भागवत में नहीं है वह कहीं नहीं है। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने कथा के प्रथम दिवस पर पधारे संतों-महंतों और गणमान्य लोगों का दुपट्टा पहनाकर आदर सत्कार किया। उन्होंने बताया कि कथा 16 अप्रेल तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगी।

## अंबेडकर जयंती व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली अंबेडकर जयंती की व्यवस्था को लेकर कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अधिकारी के नाम एसआई विष्णु कुमार को गुरुवार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में लिखा है कि अंबेडकर भवन उदयपुरवाटी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। जिसमें नगर पालिका प्रशासन द्वारा साफ सफाई, रोशनी व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, टेंट की व्यवस्था, मेन गेट, मुख्य द्वार जमीन को समतल करवाने सहित आदि व्यवस्था करने को लेकर कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया है। इस दौरान डॉक्टर अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम रचयिता, नेहरू वाल्मीकि, सुरेश नायक, विक्रम असवाल, राजेंद्र ढेनवाल, कमल, हरजी राम, दौलत राम वाल्मीकि, सुरेश कुमार, आकाश असवाल, राहुल कुमार, अमन कुमार, सुल्तान सहित आदि थे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के श्री गोविन्द बसी पैराडाईज स्थल पर गुरुवार से सात दिवसीय श्रीभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ कथा वाचक आचार्य गोविन्द भैया वृंदावन वाले के सानिध्य में प्रारम्भ हुई। कथा वाचक आचार्य गोविन्द भैया ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत श्रवण मात्र से ही अनेक धार्मिक पुण्य मिलते है। भगवान कृष्ण की महिमा लीलाओं सहित अनेक का वर्णन किया। इससे पहले आजाद चौक के पास चौपड़ बाजार में गोपीनाथ राजा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओ ने हिस्सा लिया। बैण्ड बाजे पर भजनों की प्रस्तुति पर निकाली गई कलश यात्रा में महिलाएं भजनों पर झूमती हुई। विभिन्न बाजारों से होते हुए यह यात्रा गोविन्द बंशी पैराडाइज में पहुंची। इस दौरान अनेक जगहों पर कलश यात्रा का पुष्पों के साथ भव्य स्वागत किया गया। दोपहर तीन बजे से भागवत कथा का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा वाचक गोविन्द भैया ने किया। इस दौरान आयोजकर्ता बाबू लाल किकरतल्ला, रामअवतार, अमित शर्मा, कमल साबु, ओम प्रकाश, लालू कोरखन्या, शंकर लाल शर्मा, पवन कुमार किकरतल्ला, सतीश जांगिड़ सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## एमएनआईटी में आर्ट एग्जीबिशन का उद्घाटन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर जेएलएन मार्ग पर स्थित एमएनआईटी जयपुर और एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 6 दिवसीय नेशनल क्रिएटिव आर्ट फेस्ट कारि-2026 के तहत शुक्रवार को शाम 6 बजे एमएनआईटी के वीएलटीसी सेंटर में आर्ट एग्जीबिशन का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण कलाकार पं् विश्व मोहन भट्ट होंगे। अध्यक्षता एमएनआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन आर्किटेक्ट हबीब खान और निदेशक प्रो. एन.पी. पाढ़ी करेंगे। विशिष्ट अतिथि एमआईटी-एडीटी के प्रो. मंगेश टी. कारड़ होंगे। एग्जीबिशन में राजस्थान और महाराष्ट्र के 35 कलाकारों और दोनों शिक्षण संस्थानों के 60 से अधिक छात्रों की 100 से अधिक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रो. राजीव श्रृंगी, प्रो. तरुष चंद्रा, प्रो. तुषार पांखे, प्रो. राजेश एस, ज्योति ढाकने, प्रो. महेश चोपाड़े, प्रो. नचिकेत ठाकुर, प्रो. धनेश्वर बिसॉयी, प्रदन्या दलवी और प्रो. सूरज बोयार की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इससे पूर्व गुरुवार को एमएनआईटी में तीन दिवसीय आर्ट कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। इन कलाकारों ने तीन दिनों तक विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण किया। जिसमें पेंटिंग, स्केच, स्कल्पचर, क्ले मॉडल, वॉल पेंटिंग, मूर्तियां, इंस्टॉलेशन आदि शामिल हैं। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर इस फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 12 अप्रैल शाम 5 बजे किया जाएगा।

## रसद विभाग ने किया गैस रिफिंलग का भंड़ाफोड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रसद विभाग की स्पेशल टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बिंदायका और मानसरोवर क्षेत्र से 27 सिलेंडर जब्त किए हैं। रसद विभाग ने पुलिस के साथ पहली संयुक्त कार्रवाई बिंदायका थाना इलाके में स्थित मारुति नगर में की। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि सूचना मिली थी कि घनी आबादी के बीच एक घर में अवैध रूप से गैस भरी जा रही है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम ने मारुति नगर निवासी मोहनलाल रैगर के घर दबिश दी। मोहन रैगर मौके पर घरेलू सिलेंडरों से 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों में गैस भरता हुआ मिला। जांच में सामने आया कि आरोपी 240 रुपए प्रति किलो के मनमाने दाम पर गैस बेचकर अवैध मुनाफा कमा रहा था। टीम ने मौके से 5 घरेलू, 5 अप्रमाणित छोटे और एक व्यावसायिक सिलेंडर बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। रसद विभाग की टीम ने दूसरी कार्रवाई शिप्रापथ थाना इलाके में स्थित मानसरोवर रीको क्षेत्र में की। पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग करते मेहराज अंसारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो वाले 16 अवैध सिलेंडर बरामद किए गए। जिला रसद अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अवैध रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि अवैध रिफिलिंग के जरिए बेचे जा रहे अप्रमाणित और असुरक्षित सिलेंडर न खरीदें। ऐसे खतरनाक कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस या रसद विभाग को दें। घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग कानूनी अपराध है और इसके लिए सख्त सजा का प्रावधान है।

## शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने 7 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने ग्रीष्मावकाश में कटौती नहीं करने व 1 जुलाई से ही विद्यालय लगाने, तृतीय श्रेणी शिक्षको के स्थानान्तरण करने, पदोन्नति करने, शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने, पुरानी पेंशन योजना में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं करने, 2011 से पूर्व लगे शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त रखने, जर्जर विद्यालय भवन व कक्षा-कक्षों की मरम्मत के लिए बजट जारी करने की मांग की। संघ ने मांगों का निराकरण नहीं करने पर 17 मई को प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर संघ के जिला संयोजक धर्मन्द्र सिंह गोदारा, जिलाध्यक्ष मनोज चारण, जगदीश प्रसाद गोस्वामी, हनुमान सिंह बेनिवाल, दलुराम नायक, सुखवीर धादि अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

## गौ सम्मान दिवस की तैयारियां जोरों पर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गोमाता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल को मनाए जाने वाले गौ सम्मान दिवस की तैयारियों को लेकर राजधानी में गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को वैशाली नगर स्थित गौ माता प्रदेश कार्यालय में गौ सम्मान अभियान को लेकर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अनेक संतोंए गौभक्तों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संगोष्ठी के संयोजक ताराचंद कोठारी ने बताया कि 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप देने के लिए रणनीति तैयार की गई है। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान में राजस्थान की अग्रणी भूमिका रहेगी। गौऋषि संत प्रकाश दास महाराज ने समाज के प्रत्येक वर्ग से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अशोक डीडवानिया ने कहा कि आज जनता को अभियान से जोडकर गौमाता को उसका सम्मान दिलवाकर ही हम देंगे। रामावतार सर्राफ, करणी सेवा से शिव सिंह शेखावत एवं महिपाल मकराना, गोसेवक शोभा शर्मा, बी.पी. दूत, नवल बगडिया, सुरेश अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने विचार रखे। गौ क्रांति मंच, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी ने बताया कि देशभर में गौहत्या पर सख्त कानून लागू करने, गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलानेए गौशालाओं को सुदृढ़ करनेए गौतस्करी पर कठोर दंड का प्रावधान सुनिश्चित करने तथा पंचगव्य आधारित शोध एवं चिकित्सा को प्रोत्साहित करने जैसी मांगों के लिए 27 अप्रैल को प्रदेशभर में तहसील, उपखंड एवं जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। उधर हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, ब्रह्मपीठाधीश्वर रामरतन देवाचार्य महाराज, प्रकाश नारायण महाराज, महंत रामचरित दास, महंत हरिशंकरदास वेदांती, महंत ईश्वरदास महाराज एवं महंत परमानंद दास महाराज सहित अनेक संत-महंतों ने अपने.अपने क्षेत्र में श्रद्धालुओं को अभियान से जुडने के लिए प्रेरित किया। अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गुरुवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों ने बैठक कर जनसंपर्क किया। लोगों से आह्वान किया गया वे 27 अप्रैल को अपने-अपने क्षेत्रों में गौ पूजन, गौ सेवा एवं गोष्ठियों का आयोजन कर अभियान को सफल बनाए।

## 24 घंटे के हैकाथॉन हैक नेक्सस 2.0 का हुआ उद्घाटन

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आर्या कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 24 घंटे का हैकाथॉन हैक नेक्सस 2.0 9-10 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जा रहा है। 9 अप्रैल को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसमें लगभग 250 तकनीकी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ पूजा अग्रवाल, वाईस प्रेसिडेंट, आर्या ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे हैकाथॉन छात्रों को नई तकनीकों पर काम करने और वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने का अवसर देते हैं। हैकाथॉन के मूल्यांकन के लिए जीआरआरएएस सॉल्यूशन टीम तथा आरसीएटी से इंजीनियर मनीष मथुरिया शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के लिए एक मेंटरिंग सत्र भी आयोजित किया, जिससे छात्रों को महत्वपूर्ण तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस आयोजन में विजेता टीमों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ अजय सैनी ने प्रतिभागियों को हैकाथॉन की रूपरेखा एवं पूरे शेड्यूल की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ मोनिका लाम्बा एवं डॉ तनुज मंगलानी, डॉ चिराग अरोड़ा सहित अन्य शिक्षकों की भी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन का सफल संचालन छात्र समन्वयक विभोर मित्तल के नेतृत्व में टीम द्वारा किया जा रहा है। टीम में धर्मराज वर्मा, आर्यन शर्मा, जसवंत सिंह शेखावत, अंकुश पूनिया, अनामिका शाह एवं ईशा परिहारिया सहित अन्य विद्यार्थियों ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। यह हैकाथॉन 10 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिभागी अपने नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे और श्रेष्ठ टीमों का चयन किया जाएगा।

## बैठक 16 को

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक 16 अप्रैल को प्रात: 11:00 कलेक्ट सभागार में आयोजित की जाएगी। वी सी के माध्यम से आयोजित होने वाली उक्त बैठक में कुल 6 प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

## घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को वैन ने कुचलते हुए 15 फीट तक घसीटा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महेश नगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को एक तेज रफ्तार वैन ने कुचल दिया। जानकारी के अनुसार हादसे में महिला को करीब 15 फीट तक घसीटते हुए ले जाया गया। जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई और बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद चालक वैन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वैन को जब्त कर लिया, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस की ओर से की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम जयपुरिया अस्पताल में करवाकर गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि यह घटना चौधरी कॉलोनी करतारपुरा की है। वहीं मृतका की पहचान कलावती गुर्जर 63 के रूप में हुई है। जो अस्थमा की मरीज थीं। सांस लेने में दिक्कत होने पर वे घर के बाहर बैठी थीं और पास में खड़े लोगों से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान गली में कुछ दूरी पर खड़ी एक वैन को चालक ने स्टार्ट किया और लापरवाही से चलाते हुए महिला की ओर बढ़ा दिया। वैन ने महिला को टक्कर मारते हुए उन्हें नीचे गिरा दिया और करीब 15 फीट तक घसीटते हुए निकल गई। पास में खड़े दो लोग समय रहते पीछे हट गए। जिससे उनकी जान बच गई।

## नन्दीशाला जाखल में भामाशाह सौंथलिया बनवाएंगे भव्य प्रवेश द्वार



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र के जाखल कस्बे स्थित निर्माणाधीन नन्दीशाला में भामाशाह सौंथलिया परिवार द्वारा भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। इस घोषणा के बाद ग्रामीणों व गोभक्तों में खुशी का माहौल है। गोशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि नन्दीशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसमें क्षेत्र के भामाशाहों का लगातार सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में सौंथलिया परिवार ने प्रवेश द्वार बनवाने की जिम्मेदारी लेते हुए गौसेवा के इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाई है। नन्दीशाला समिति के सदस्यों ने बताया कि भव्य प्रवेश द्वार बनने से न केवल नन्दीशाला की शोभा बढ़ेगी बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह आकर्षण का केंद्र बनेगा। ग्रामीणों ने सौंथलिया परिवार के इस सराहनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

### आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते चार सटोरिए गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला विशेष ईस्ट की स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त ऑल पैनल एक्चैज एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर लाइन मैच का सट्टा खिलवाते है। डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि जवाहर सर्किल स्थित गोकुल धाम अपार्टमेंट-2 में एक फ्लैट में दिल्ली कैपिटल्स वर्सेज गुजरात टाइटंस मैच का ऑन लाइन सट्टे का व्यवसाय किया जा रहा है।


## कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक :- एफ-6 ( )भूमि/2025-26/481 दिनांक :-08/04/2026

### आपत्ति विज्ञप्ति

यत: निम्न आवेदक ने उसके नाम के आगे अंकित भूमि का भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल प्लान में चिन्हित भू-उपयोग के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन कराना चाहता है। अत: राजस्थान नगरपालिका भू-उपयोग परिवर्तन नियम (संशोधित)-2021 के अन्तर्गत 15 दिवसीय आपति-विज्ञप्ति आमंत्रित की जाती है, बाद समयावधि प्राप्त आपतिया विचारणीय नहीं होगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भूमि का विवरण | आवेदित भूमि का वर्तमान भू-उपयोग | वांछित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुमन पत्नि उम्मेद सिंह निवासी दोरासर, झुन्झुनू | भूखण्ड संख्या 972 किसान कॉलोनी, क्षेत्र. 295.72 वर्गगज | आवासीय | व्यवसायिक |

आयुक्त
नगर परिषद् झुंझुनू

## कार्यालय नगरपालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राजस्थान

क्रमांक / न.पा.श्रीमा / विकास / 2026-27 / 67 दिनांक :- 07.04.2026

### ई-निविदा सूचना संख्या (01/2026-27)

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी कें संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निम्नांकित कार्य ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य (कुल 05 कार्य) | : | NIB Code:- DLB2627A0228 |
| Unique Bid Number | | 1. (DLB2627WSOB00743)<br>2. (DLB2627WSOB00741)<br>3. (DLB2627WSOB00742)<br>4. (DLB2627WSOB00745)<br>5. (DLB2627WSOB00747) |
| बोली की कुल लागत | | राशि 472.97 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनांक | | दिनांक 07.04.2026 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक व समय | | दिनांक 08.04.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 17.04.2026 को सांयकाल 06.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क व धरोहर राशि, दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | | दिनांक 20.04.2026 को प्रात: 11.00 बजे तक |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | | दिनांक 23.04.2026 को प्रात: 11:00 बजे से |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 90 days |

राज.संवाद / सी / 26 / 536

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका श्रीमाधोपुर

## आम सूचना

मैं कमल सिंह पुत्र स्व. किशन लाल, जाति-जाट, निवासी-बांजडोली, तहसील-सूरजगढ़, जिला-झुंझुनू (राज.)। मेरे पिता किशन लाल के नाम से वाहन हुंडई क्रेटा 1.6 वीटीवीटी ई प्लस नंबर आर.जे. 18 सी.सी. 0254 है। यह कि मेरे पिताजी का दिनांक 23-12-2025 को देहांत हो चुका है व मेरी माता का भी देहांत दिनांक 25-01-2023 को हो चुका है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहता हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मनोज कुमार जांगीड़ पुत्र चिरंजीलाल जांगीड़ जाति खाती निवासी पिपल का बास भीमसर तहसील मंडावा जिला झुंझुनू में अपनी प्रथम मंजील दुकान क्षेत्रफल 30.44 वर्ग मीटर व प्रथम मंजील दुकान नं बी-3 से बी-8 क्षेत्रफल 51.01 वर्ग मीटर व एक प्रथम मंजील स्थित दुकान क्षेत्रफल 11.03 वर्ग मीटर जो आउट साईट सुभाष चौक से पुलिस थाना रोड मण्डावा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू में स्थित है उक्त प्रथम मंजील दुकानात मेरे मुवकिल द्वारा शिशराम पुत्र प्रहलाद राय बुगालिया निवासी बुगाला जिला झुंझुनू से व प्रताप सिंह, प्रभुराम पुत्र भुराराम निवासी भारू का बास से व शिशराम पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी वाहिदपुरा जिला झुंझुनू से क्रय की थी, उक्त दुकान पर मेरा मुवकिल मनोज कुमार जांगीड़ पुत्र चिरंजीलाल जांगीड़ जाति खाती निवासी पिपल का बास भीमसर तहसील मंडावा जिला झुंझुनू किसी वित्तिय संस्था से लोन ले या गिरवी रखे, तो उक्त प्लाट पर लोन लेने या स्वामित्व संबंधी किसी को कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवे अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

## राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ का महाधिवेशन 12 को



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में 12 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ का महाअधिवेशन अब भव्य और विराट स्वरूप ले चुका है। इस आयोजन में देशभर से संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रमुख राजनीतिक हस्तियां एक मंच पर नजर आएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जोराराम कुमावत देवस्थान विभाग मंत्री शिरकत करेंगे, जबकि शहर मुख्य अतिथि के रूप में संजय शर्मा वन मंत्री उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा गौतम कुमार दक, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व देवस्थान मंत्री एस डी शर्मा तथा पूर्व विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा सहित कई विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। अधिवेशन को लेकर संगठन स्तर पर व्यापक तैयारियां जारी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट हनुमान सहाय शर्मा के नेतृत्व में आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया है। वहीं विदेश अध्यक्ष राम पंडा, संगठन मंत्री लव शर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष अलका शर्मा और जिला अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा लगातार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट हनुमान सहाय शर्मा के अनुसार यह महाअधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति और संगठन की एकता का महा आह्वान है। इसमें समाज को जोड़ने, परंपराओं को सशक्त बनाने और भविष्य की दिशा तय करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया जाएगा।

## अम्बेडकर-फुले विचार क्रांति महोत्सव कल से



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से 11 से 14 अप्रैल 2026 तक झालाना डूंगरी स्थित परिसर में अम्बेडकर-फुले विचार क्रांति महोत्सव 2026 आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी साथ ही खेल प्रतियोगिताएं, फिल्म स्क्रीनिंग होगी। सोसायटी के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस श्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि महान विभूतियों महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों के जरिए जनजागृति लाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चार दिन में 12 संवाद सत्र होंगे। देशभर से आए 35 विशेषज्ञ यूजीसी एक्ट, आरक्षण, महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण, शिक्षा, संविधान, स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन जैसे विषयों पर विचार रखेंगे। संस्था के कोषाध्यक्ष दयानन्द सक्करवाल ने बताया कि वक्ताओं में लेखक बच्चा लाल उन्मेष, भंवर मेघवंशी, पूर्व चेयरमैन, आरपीएससी हनुमान प्रसाद, पी सी हाड़िया, राम चोरड़िया, बी एल नवल, बी एल बैरवा, बी एल आर्य पूर्व आईएएस, कन्हैया लाल बैरवा पूर्व आईपीएस, रामेश्वर प्रसाद बैरवा, डॉ. चेतराम रायपुरिया, डॉ. महेंद्र कुमार आनंद व भजन लाल रोलन समेत अन्य मशहूर हस्तियां शामिल है। पहले दिन शनिवार सुबह 11 बजे से शिक्षा बराबरी का अधिकार या एलीट का बिजनेस, आज भी रिजर्वेशन सॉल्यूशन, या सिस्टम फेलियर का समानता हक है या अभी भी संघर्ष जैसे विषयों पर मंथन होगा। शाम 5 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर आधारित फुले मूवी की स्क्रीनिंग होगी।

## बच्चों को बताए साइबर अपराध से बचने के उपाएं



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण तारानगर के निर्देशानुसरा ग्राम पंचायत भालेरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भालेरी के प्राचार्य श्री रविंदर सिंह की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्य कर्म आयोजित किया गया। विधिक सेवा के पीएलवी नेहा आसेरी व राकेश कल्ला ने साइबर अपराधों से बचने के लिए सुरक्षित उपाएं बताएं और बच्चों को बताया कि मोबाइल का उपयोग करते समय सुरक्षित पासवर्ड व मजबूत पासवर्ड का उपयोग करे। प्राचार्य रविंद्र सिंह ने भी बच्चों के बाल अधिकार और साइबर अपराधों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टाफऔर बच्चों की सहयोगी भागीदारी रही।

## जिले की पांच मेडिकल स्टोर के औषधि अनुज्ञा पत्र 5 दिवस के लिए निलंबित

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय द्वारा अनियमित मिलने पर जिले के 5 मैडिकल स्टोर के औषधि अनुज्ञा पत्र 5 दिवस के लिए निलंबित किए गए है। सहायक औषधि नियंत्रक अनूप रावत ने बताया कि जिले की 5 फर्मो पर विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं मिलने पर उनके खिलाफकार्रवाई की गई है। इनमें एस एस मेडिकल एंड प्रोविजनल स्टोर, राव मेडिकल एंड जनरल स्टोर, सुनील मेडिकल एजेंसी, आरके मेडिकल एंड जनरल स्टोर, आर जे मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई विभाग के औषधि नियंत्रण अधिकारी लोकेश सिंह व सरिता मीणा की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। अनु ज्ञापन अधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अनूप रावत ने बताया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के नियम 59 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 66 के तहत उक्त सभी फर्मो के औषधि अनुज्ञा पत्रों को 1 मई से 5 मई तक कुल 5 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

# नगरपरिषद में स्थायी आयुक्त नहीं होने से जनता परेशान

## जन सुनवाई में उठे अनेक मुद्दे



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पंचायत समिति स्थित वीसी रूम में जन सुनवाई हुई, जिसमें एडीएम संतोष मीणा, उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने आम लोगों के परिवाद सुनकर अधिकारियों को समस्याओ के समाधान के लिए निर्देशित किया। विजयपाल श्योराण ने बताया कि छापर स्थित अस्पताल में एक्स रे की व्यवस्था क्यों नहीं है, जिस पर संजय कुमार ने बताया कि वहां पर जगह की कमी है और जहां पर नया भवन बन रहा है, वहां सारी व्यवस्था सही होगी। उपखंड अधिकारी ने कहा कि लोगों को एक्स रे बाहर से नहीं करवाने पड़ें, ऐसी व्यवस्था की जावे। दूसरी ओर हरासर गांव के निवासी कमल हर्षवाल ने उपखंड अधिकारी को परिवाद सौंपकर बताया कि हरासर गांव में तीन सालों की गर्मियां चली गई, उसके बावजूद भी स्वीकृत स्थान पर ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा। जिस पर उपखंड अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी से कहा तो सामने आया कि कुछ लोग राजनीतिक दबाव बना रहे हैं। इस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि अगर लोग विरोध कर रहे हैं तो पुलिस जाब्ते को साथ में लेकर नियमानुसार समस्या का समाधान करवाया जावे। इसी प्रकार जन सुनवाई में पहुंचे भाजपा नेता कमल दाधीच ने कहा कि नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त फोन नहीं उठाते और आगामी दिनों में फिर से चापटिया तलाई की समस्या गंभीर होगी। चार ईंच पानी चापटिया में कम नहीं हुआ। कमल दाधीच ने कहा कि अगर इंचार्ज से काम नहीं होता, तो वो हमें लिखकर दे दें, ताकि हम लोग जयपुर मंत्रीजी के पास जायें। जिस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि आप जयपुर जाकर स्थायी आयुक्त लगवाईये, क्योंकि बार-बार चार्ज देने से इन लोगों को परेशानी होती है। इस पर कमल दाधीच ने कहा कि वो तो नई भर्ती हो रही है, उसी से समाधान होगा। जिस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि आप लोग स्थायी आयुक्त लगवाईये, जयपुर में काफी बैठे हैं। उपखंड अधिकारी ने कहा कि चापटिया तलाई का मैंने और एडीएम ने हाल ही में दौरा किया है और आगामी दिनों में समस्या नहीं आए, इसके लिए कार्य किया जा रहा है। निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरूषोतम शर्मा ने भी समस्याएं रखीं।

भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह शेखावत के नेतृत्व में किसानों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपकर 2025-26 की गिरदावरी सही करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेटेलाईट से गिरदावरी की गई है, जिसमें कई खेतों को खाली बता दिया गया है, जबकि कई जगह सरसों की जगह चना हो गया है। अत: गिरदावरी की जांच कर इसे सही करवाया जावे। इस दौरान गिरधारीलाल, हीरालाल, कानाराम, ओमप्रकाश, डूंगरराम, राजूराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर सुजला सत्याग्रही विजयपाल श्योराण ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले काफी समय से नाथोतालाब पर स्थित न्यू धर्म कांटा के पास शौचालय बनवाये जाने की मांग प्रशासन से की जा रही है लेकिन फिर भी समाधान नहीं किया गया जा रहा है। अगर प्रशासन समाधान नहीं करेगा, तो आगामी 15 अगस्त से जनता खुद चंदे से पैसा एकत्रित करके वहां पर पैशाबघर या शौचालय का निर्माण करवायेगी। शिवबाड़ी रास्ते से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की गई है। पवन कुमार, पूसादास, सुरेश कुमार, बाबूलाल, रामरतन आदि के हस्ताक्षरों से युक्त सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि शिवबाड़ी रोड पर स्थित सार्वजनिक रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी दिक्कत होती है। अगर जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो मजबूरन धरना देना पड़ेगा। कोडासर गांव के एक व्यक्ति ने हाथ जोड़कर रोते हुए कहा कि मेरे खेत में आने जाने का रास्ता लोगो ने बंद कर दिया है। जिस पर तहसीलदार ने कहा कि टीम बना दी है, जल्दी ही समाधान हो जाएगा। इस दौरान तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, पशुपालन विभाग से संयुक्त निदेशक केशरीचंद नाई, नगरपरिषद आयुक्त विक्रम जोरवाल सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आरएए इंडिया की नई कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आरजे एंड एंकर एसोसिएशन ऑफ इंडिया आरएए इंडिया की नई कार्यकारिणी के सम्मान में जयपुर के विरासत हेरिटेज रेस्टोरेंट में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से रेडियो जॉकी, एंकर, इवेंट मैनेजर और ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था के फाउंडर्स मनु के मीना और दीपक गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई कार्यकारिणी का स्वागत करना और प्रोफेशनल्स के बीच नेटवर्किंग को मजबूत बनाना रहा। इस दौरान सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग बढ़ाने और इंडस्ट्री को आगे ले जाने पर जोर दिया। नई कार्यकारिणी में अजीत सिंह को अध्यक्ष, डेविड एवं शिप्रा शर्मा को उपाध्यक्ष, पल ओबेरॉय को महासचिव, कौशल सोनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं कुनाल धवर और रचित गुप्ता संयुक्त सचिव तथा चेतन छाबड़िया सांस्कृतिक प्रमुख बनाए गए। इसके साथ ही संस्था ने विभिन्न राज्यों के लिए स्टेट एंबेसडर की घोषणा भी की।

राजस्थान में कबीर सिंह, दिल्ली एनसीआर में साहिल बजाज, उत्तर प्रदेश में आरजे सुगंधा कपूर, पश्चिम बंगाल में सम्रागी खंडेलवाल और छत्तीसगढ़ में रानी साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान संस्था की वार्षिक पत्रिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें पंजीकृत एंकर्स की विस्तृत जानकारी शामिल की गई है। यह पत्रिका प्रमुख होटल चेन और इवेंट इंडस्ट्री के नेटवर्किंग आयोजनों में उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि आरएए इंडिया पिछले 10 वर्षों से आरजे और एंकर समुदाय के विकास, व्यावसायिक अवसरों, शिक्षा और नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य देशभर के एंकर्स को एक मंच पर लाकर उन्हें नए अवसर प्रदान करना और इस इंडस्ट्री को सशक्त बनाना है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बस्सी थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा कर मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार बुधवार रात थाना इलाके में मानसर खेड़ी एचपी पेट्रोल पंप के सामने एक करीब 40 वर्षीय व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से उसे तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गंभीर हालत के चलते उपचार के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के थानों और लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का हुआ सम्मान



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं, 10वीं, 8वीं एवं 5वीं के उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह लॉयंस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप धड़ की अध्यक्षता में व थानेदार सुभाष चन्द्र के मुख्यातिथि में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मनोज जोशी, हर्ष यादव, शिव शंकर शर्मा, संजय कटारिया, डॉ हीरालाल सोनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार की ओर से सहीराम गोदारा, विजय गोदारा, रेवतराम, ओमप्रकाश प्रजापत, विकास शर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का माल्यार्पण एवं साफा-दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। संस्थान निदेशक डॉ ओमप्रकाश गोदारा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 3.270 किलोग्राम अफीम जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर पुलिस व एएनटीएफ टीम हनुमानगढ़ के द्वारा बुधवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.270 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद व 2 आरोपी को भी गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने बड़ी चालाकी दिखाते हुए अवैध मादक पदार्थ को अपने घर मे ना रख दक्षिण पश्चिम में स्थित अपने खेत मे छिपाया जिससे किसी को शक नही हो व पूलिस को पता नही लगे व अपना काला धंघा चलता रहें लेकिन एएनटीएफ टीम नेअपनी कार्य कुशलता व प्रशिक्षित डॉग की मदद से अवैध मादक पदार्थ को ढूंढ निकाला आरोपियों के इरादे फेल कर दिये एएनटीएफ टीम हनुमानगढ़ को सूचना मिली कि चूरू के राजलदेसर में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई करता है।

इस पर टीम पुख्ता सूचना होने पर सादा वस्त्रों मे राजलदेसर पहुंची टीम ने सूचना कर पता लगाया कि प्रदीप नाम का व्यक्ति है जो राजलदेसर व और भी जगह अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई करता है। स्थानीय पुतलिस से सम्पर्क कर आरोपी को दबोचने की योजना बनाई टीम ने गूप्त रूप से पता लगाया कि आरोपी प्रदीप ने अवैध मादक पदार्थ को अपने घर मे ना छुपाकर अपने खेत मे छिपा रखा है। स्थानीय पुलिस व प्रशिक्षित डॉग को साथ लेकर आरोपी प्रदीप के खेत मे पहुंची मौजूद प्रदीप व उसका साथी राजू खेत मे ही खड़े है व पुलिस को देख हक्का-बक्का रह गये प्रशिक्षित डॉग की मदद से आरोपियों द्वारा छूपाये गये अवैध मादक पदार्थ अफीम को खेत से बरामद किया व आरोपियो को घर-दबोचा स्थानीय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ अफीम को जब्त कर 23 वर्षीय आरोपी प्रदीप पुत्र प्रहलाद राम जाट व 33 वर्षीय राजू पुत्र लक्ष्मण राम जाट निवासी राजलदेसर वार्ड नंबर 2 को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच रतनगढ़ सब इंस्पेक्टर गिरधारी लाल कर रहे हैं।

## सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**डूंडलोद ( नवयत्न )।** स्थानीय महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर टॉपर रहने वाली छात्राओं को प्राचार्य कमल कुमार शर्मा एवं शिक्षकों की ओर से माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहने वाली छात्राओं के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई। इस मौके पर शिक्षक रामप्रताप, आशा सैनी, सुनीता यादव, मधुर शर्मा, सुनीता शर्मा, पूजा, इंदु, निर्मला, राशिद अली, बनवारी लाल, भगत सिंह एवं पूनम मौजूद रहे।

## नवकार मंत्र जाप का आयोजन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** विश्व नवकार मंत्र दिवस के अंतर्गत नवकार मंत्र जाप का विशाल आयोजन जैन चौक में युग निर्माता आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय श्री राजेश मुनि जी म.सा. सहित चतुर्विध संघ के सान्निध्य में जैन समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त जैन समाज के अलावा अग्रवाल, माहेश्वरी, ब्राह्मण, जाट, बिश्नोई आदि सर्व समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर एक ही धुन में प्रात: 9:00 बजे से 9:36 बजे तक नवकार महामंत्र का उत्कृष्ट भावों के साथ जाप किया। जाप से पूर्व श्री मधुर मुनि जी म.सा. ने पंच परमेष्ठी नवकार मंत्र की हृदयस्पर्शी व्याख्या करते हुए इसे गुण-पूजक बताया। उपाध्याय प्रवर जी ने अपनी दिव्य देशना में फरमाया कि इस नवकार जाप में हम इतने गहरे डूब जाएं कि प्रभु और हमारे बीच कोई भेद न रहे। मंत्र में इतनी शक्ति है कि व्यक्ति के भीतर के दुर्गुण स्वत: ही बाहर निकल जाते हैं। एक नवकार मंत्र मनुष्य को सभी दुखों से मुक्त करने की क्षमता रखता है। श्री हर्षित मुनि जी म.सा., श्री संजय मुनि जी म.सा., श्री दिव्य दर्शन मुनि जी म.सा. एवं श्री रामयश मुनि जी म.सा. ने नवकार मंत्र की महिमा का गीत संगान किया। इस आयोजन में नोखा क्षेत्र की लगभग सभी स्कूलो का भरपूर सहयोग रहा। नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर, अशोक धारणीया सीता राम पंचारिया, शिव करण डेलू, राजेंद्र राठौड़, बजरंग पानेचा, शिव नारायण झंवर नोखा के गणमान्य व्यक्तियों मौजूद रहे। संघ मंत्री गौतम पारख एवं महेश नाहटा ने नवकार महामंत्र का जाप घर-घर प्रतिदिन करने का आह्वान किया। संघ अध्यक्ष भींवराज कांकरिया ने जाप में पधारे सर्व समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया। समता युवा संघ के सभी सदस्य अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, मंत्री वीरेंद्र बैद, कोषाध्यक्ष मनीष कांकरिया, नवीन कांकरिया, अविनाश कांकरिया, जितेंद्र कांकरिया, अरिहंत भूरा, ऋषभ बैद, विनीत भूरा, विनीत मराठी, धीरज भंसाली, अरिहंत मराठी, हर्षित पारख, धीरज गोलछा, मनीष गोलछा ऋषभ कांकरिया, खीवंराज संखलेच्चा, रघुवीर सुराना, जय रांका सभी युवाओ ने कार्यक्रम की सभी व्यवस्था को सुचारू बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

## तमिलनाडु राज्य के विधानसभा आम चुनाव-2026 हेतु मतदान के दिन 23 अप्रैल को श्रमिकों/कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तमिलनाडु राज्य में विधानसभा आम चुनाव-2026 के दौरान मतदान दिवस गुरुवार, 23 अप्रैल, 2026 को निर्धारित किया गया है। मतदान दिवस के दिन ऐसे श्रमिकों/ कर्मचारियों जो तमिलनाडु राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं, उनको मतदान दिवस 23 अप्रैल, 2026 को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है ताकि उनके द्वारा मतदान के अधिकार का स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से उपयोग किया जा सके।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख के अनुसार मतदान के दिन किसी कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को जो लोकसभा, विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि किसी कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को जो लोकसभा या किसी राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश दिया जायेगा। अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी। यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसके ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किए जाने की दशा में दी गई होती। प्रावधान के अनुसार समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों तथा देसे कार्मिकों को अवकाश दिया जाएगा जो तमिलनाडु राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं, परन्तु उन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बाहर कार्यरत हैं, उन्हें उनके क्षेत्र में मतदान दिवस, को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियोजन उल्लंघन करने पर 500 रुपए तक के जुर्माने से दण्डनीय होगा। यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन को कोई खतरा या सारवान हानि हो सकती है।

## गौमांस बयान पर विवाद : शिवसेना ने बीजेपी से मांगा हिन्दुत्व का प्रमाण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवसेना की राजस्थान इकाई ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के गोमांस से जुड़े बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भारतीय जनता पार्टी से हिन्दुत्व का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है। राज्य प्रमुख पदम जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री का यह बयान-शगौमांस खाने से मना नहीं कर रहा हूं, लेकिन घर के अंदर खाओश-अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के बयान से सनातन हिन्दू धर्म में पूजनीय गौमाता के प्रति असंवेदनशीलता झलकती है और यह बीजेपी के दोहरे चरित्र को दर्शाता है। शिवसेना ने कहा कि यह बयान हिन्दू समाज की आस्था पर आघात है और चुनावी रणनीति के तहत दिया गया प्रतीत होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190